● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 103, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 20 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



यूपी में डीएनए विवाद ने तूल पकड़ा 5

आईपीएल में जमकर चला गिल का बल्ला 6

## सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को समर्पित थीं देवी अहिल्या बाई होल्कर : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने लोकमाता देवी अहिल्या की जयंती के आयोजन के लिए गठित समारोह समिति की बैठक को किया संबोधित

**लोकमाता के कार्यों के विस्तार और विचारों पर शोध आवश्यक**

**सम्पूर्ण जंयती वर्ष में हों लोकमाता पर केन्द्रित गतिविधियां**



भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर ने सुशासन, क्षेत्रीय विकास और न्याय प्रबंधन के अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किए। उनके द्वारा जनसामान्य के कल्याण और महिलाओं के स्वावलम्बन के लिए गए कार्य अनुकरणीय हैं। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर ने देश भर में धर्म और संस्कृति के उत्थान के कार्यों के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की दिशा में कार्य किया। उनके इस सपने को साकार करने के लिए लोकमाता के 300 वें जयंती समारोह के अंतर्गत वर्ष इन विषयों पर केंद्रित गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के आयोजन के लिए गठित समारोह समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के अवदान पर अध्ययन और शोध को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न राज्यों में देवी अहिल्या द्वारा निर्मित मंदिरों, पूजा घरों, धर्मशालाओं और अन्य सामुदायिक उपयोग की संरचनाओं के रख-रखाव के लिए संबंधित राज्य सरकारों से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या द्वारा निर्मित देव स्थानों में धार्मिक स्वरूप की गतिविधियों के निरंतर आयोजन के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के महाराष्ट्र स्थित मूल गांव चौड़ी में विशेष दल भेजकर आवश्यक जानकारियों का एकत्रिकरण कराया जाए। प्रदेश के विभिन्न भागों में अहिल्या यात्रा के आयोजन, शाला व महाविद्यालय स्तर पर देवी अहिल्या पर केन्द्रित शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में जानकारी दी गई कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई के त्रिशताब्दी समारोह का मुख्य कार्यक्रम 31 मई को भोपाल के जम्बूरी मैदान में होगा। महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित इस कार्यक्रम में लगभग एक लाख प्रतिभागियों की उपस्थिति अपेक्षित है। कार्यक्रम में भारत सरकार की ओर से लोकमाता देवी अहिल्या को समर्पित डाक टिकट और सिक्के का लोकार्पण भी प्रस्तावित है। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला, समिति की सदस्य श्रीमती मेघा पवार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। समिति सदस्य श्रीमती माला ठाकुर, सुश्री विनिता धर्म, श्रीमती ज्योति तोमर और श्री राकेश देनिया बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।

## संघर्ष विराम में नहीं थी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता

### संसदीय समिति की बैठक में ट्रंप के दावे पर उठे सवाल



**नई दिल्ली।** संसद के एनेक्सी भवन में विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में सांसदों ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मध्यस्थता के दावे पर सवाल उठाए। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि संघर्ष विराम में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। यह फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था।

उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हमेशा पारंपरिक क्षेत्र में रहा है और पड़ोसी देश की ओर से कोई परमाणु संकेत नहीं दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष में चीनी मंच का इस्तेमाल किया था? इस पर मिस्त्री ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने समिति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने संसदीय समिति को बताया कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया है। आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया।

विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद, सतनाम सिंह, नवीन जिंदल, अपराजिता सारंगी, अरुण गोविल और आरपीएन सिंह शामिल हैं। बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष को लेकर हो रही है।

पाकिस्तान को बेनकाब करने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में से एक का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मेरे प्रतिनिधिमंडल की ब्रीफिंग शुक्रवार को ही होगी। इसलिए मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा।

## शोपियां में आतंकियों के दो मददगार गिरफ्तार

**जम्मू।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में आतंकी आकाओं और उनके मददगारों की तलाश के लिए स्पेशल अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षाबलों को शोपियां में एक बड़ी कामयाबी मिली है। जहां दो आतंकी मददगारों को पकड़ा गया है। जिनके पास से हथियार बरामद हुए हैं।

शोपियां पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि शोपियां के डीके पोरा इलाके में भारतीय सेना की 34 आरआर एसओजी शोपियां, सीआरपीएफ 178 बटालियन के संयुक्त अभियान में दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। इन दो मददगारों के पास से



दो पिस्तौल, चार ग्रेनेड, 43 जिंदा राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई। एफआईआर दर्ज कर ली गई है। फिलहाल, आगे की कार्रवाई चल रही है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस व सेना ने पुंछ जिले में आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए रविवार को बड़े पैमाने पर अभियान चलाया। पुलिस की कई टीमों ने सेना व एसओजी की मदद से जिले में 18 आतंकी आकाओं व आतंकी मददगारों के घरों पर छापे मारे। इस कार्रवाई में कई घरों की तलाशी लेने के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, ये स्थानीय आतंकी हैंडलर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बैठकर जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। जिले में नियंत्रण रेखा से सटी मंडी तहसील के सावजियां सेक्टर व छंबर किनारी क्षेत्र में एएसपी मोहन शर्मा की अगुवाई में पुलिस, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और सेना ने तलाशी अभियान चलाया।

## प्रशांत किशोर अब जनसुराज का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाएंगे

**पूर्णिया।** जनसुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह का नाम लगभग तय हो गया है, बस औपचारिक घोषणा होना बाकी है। पप्पू सिंह पूर्णिया लोकसभा सीट से दो बार भाजपा के सांसद रह चुके हैं और उन्होंने 2019 में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पप्पू यादव का समर्थन किया था, जिसके चलते पप्पू यादव पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव जीते थे। आज उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की घोषणा हो सकती है।

## चीन ने पाकिस्तान को दी थी सैटेलाइट मदद

### भारतीय थिंक टैंक का खुलासा, दो मोर्चों पर लड़ाई की बढ़ी आशंका

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में चीन ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था, लेकिन अब खुलासा हुआ है कि चीन ने पाकिस्तान को कूटनीतिक ही नहीं बल्कि सैन्य समर्थन भी दिया था और चीन ने पाकिस्तानी सेना को सैटेलाइट सपोर्ट भी दिया था। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में एक भारतीय थिंक टैंक के हवाले से यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार को सही जगह पर तैनात करने के लिए अपनी सैटेलाइट्स की मदद दी थी, ताकि भारत की जवाबी कार्रवाई से बचा जा सके।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारत की सरकार पाकिस्तान के खिलाफ बदले की कार्रवाई की योजना बना रही थी, उसी 15 दिन के अंतराल के बीच चीन ने पाकिस्तान को अपने उपग्रहों की मदद दी थी ताकि भारत के हथियारों की तैनाती का पता चल सके। भारत के थिंक टैंक सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि चीन की सैटेलाइट मदद से पाकिस्तान को अपना एयर डिफेंस सिस्टम और रडार फिर से व्यवस्थित करने में मदद मिली। साथ ही चीन ने पाकिस्तान को एयर डिफेंस सिस्टम भी दिया था। भारत सरकार ने सार्वजनिक तौर पर संघर्ष में चीन के शामिल होने की बात नहीं की है, लेकिन पाकिस्तान ने कहा है कि उसने लड़ाई में चीनी हथियारों का इस्तेमाल किया। भारतीय थिंक टैंक ने कहा कि इससे साफ है कि चीन ने कूटनीतिक समर्थन से आगे बढ़कर पाकिस्तान को लॉजिस्टिक और खुफिया मदद के अलावा सैन्य मदद भी मुहैया कराई। इस रिपोर्ट की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज ने यह जानकारी दी है।

## यूपी में भाजपा विधायकों का होगा ऑडिट

**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा के मौजूदा विधायकों की दावेदारी पर संकट आ सकता है। टिकट बांटने से पहले सभी विधायकों को जनता की कसौटी पर कसा जाएगा। विधायकों की लोगों के बीच छवि परखने का काम शुरू भी कर दिया गया है। दरअसल, सरकार और भाजपा चुनावी मोड में जाने से पहले अपने विधायकों के बारे में पूरा ब्योरा जुटाना चाहती है। इसलिए उनके कामकाज का ऑडिट कराया जा रहा है ताकि पता लगाया जा सके कि कौन विधायक जनता के बीच कितना सॉलिड है।

## भारी बारिश के बाद बंगलूरू का हाल-बेहाल

**बंगलूरू।** बीते 48 घंटे में हुई भारी बारिश ने भारत के शीर्ष शहरों में शुमार बंगलूरू की अव्यवस्था की पोल खोल दी। बंगलूरू में जगह-जगह जलजमाव की स्थिति है और कई घरों में पानी घुस गया है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। भारी बारिश के चलते कई पेड़ उखड़कर वाहनों पर गिर गए हैं। जगह-जगह जलजमाव की स्थिति है। पहले से ही भारी ट्रैफिक के लिए बदनाम बंगलूरू में जलजमाव के चलते ट्रैफिक व्यवस्था और भी ज्यादा बिगड़ गई है। बारिश के बाद जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें दिख रहा है कि सड़कों पर पानी भरा है और लोग घुटनों तक भरे पानी में चल रहे हैं। शहर की ड्रेनेज व्यवस्था भी इस बारिश में चरमरा गई, जिसके कारण लोगों के घरों में गंदा पानी भर गया। पानी भरने के चलते कई लोग सुरक्षित जगहों पर चले गए हैं। जो इलाके भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं, उनमें बंगलूरू शहरी, बंगलूरू ग्रामीण, कोलार, चिकबल्लापुर, तुमुकुरु, मंड्या, मैसूर, हासन, कोडागु, बेलागावी, बीदर, रायचूर, यादगीर, देवनागरे, चित्रदुर्गा, साई लेआउट और होरामावु जैसे इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

## कर्नल कुरैशी पर टिप्पणी मामले में विजय शाह को सुप्रीम फटकार

**जांच के लिए एसआईटी गठित**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान पर फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस मामले में मंत्री की माफी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। कोर्ट ने आगे कहा, आप एक सार्वजनिक चेहरा हैं। एक अनुभवी नेता हैं। आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए। हमें आपके वीडियो यहां चलाने चाहिए। यह सेना के लिए एक अहम मुद्दा है। हमें इस मामले में बेहद जिम्मेदार होना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक एसआईटी भी गठित की है। इसमें तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को रखा गया है। इनमें एक महिला अधिकारी भी होंगी। यह तीनों ही अफसर मध्य प्रदेश के बाहर के होंगे और कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए मंत्री के बयान को लेकर जांच करेंगे।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, इस टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार है। हमने आपके वीडियो देखे। आप बहुत गंदी भाषा का इस्तेमाल करने वाले थे, लेकिन शायद आपकी समझ काम आई या आपके दिमाग ने आपको रोका या फिर हो सकता है कि आपको उचित शब्द न मिले हों। आपको शर्म आनी चाहिए। पूरे देश को हमारी सेना पर गर्व है और आपने यह बयान दिया। पीठ ने मंत्री से पूछा, यह किस तरह की माफी थी? आपको बस अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए थी और माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन आप कहते हैं कि अगर आपने यह और वह कहा है... तो मैं माफी मांगता हूं। माफी मांगने का यह तरीका नहीं है। आपने जिस तरह की भद्दी टिप्पणी की है, आपको शर्म आनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को मंगलवार सुबह 10 बजे तक आईजी रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने को कहा है। इस दल में एक महिला अधिकारी भी शामिल होगी।

## वामपंथी सोच भारतीय संस्कृति के समक्ष बड़ा खतरा : त्रिवेदी

नई दिल्ली। भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने वामपंथी विचारधारा को देश की संस्कृति के लिए खतरनाक बताया है। उन्होंने कहा है कि वामपंथी विचारधारा जहां भी पनपी, वहां इसने स्थापित मान्यताओं को अपने लाभ के लिए तोड़ने-मरोड़ने का काम किया। अपने शुरुआती दौर से ही जिस भी देश में वामपंथी विचारधारा पनपी, वहां हिंसक रास्तों से इसने सत्ता तक अपनी पैठ बनाई, लेकिन इसके बाद भी वामपंथी लोग अपने साथ लिबरल (उदारवादी) शब्द का उपयोग करते हैं जो इस शब्द का दुरुपयोग है। त्रिवेदी ने कहा कि समय के साथ वामपंथी विचारधारा अपना स्वरुप बदल रही है। इस समय वह वोकिज्म का रूप धरकर भारतीय संस्कृति की नींव और इसकी सबसे बहुमूल्य इकाई परिवार को तबाह करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे हर उस व्यक्ति को सतर्क रहना चाहिए जो राष्ट्रवादी है और देश की संस्कृति-सभ्यता को प्रेम करता है।

## ममता बनर्जी ने औद्योगिक विकास पर दिया जोर

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को सिलीगुड़ी में उत्तर बंगाल व्यापार सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने राज्य के उत्तरी जिलों में औद्योगिक विकास में तेजी लाने पर जोर दिया। ममता बनर्जी ने एलान किया कि सिलीगुड़ी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए 10 एकड़ जमीन तलाश ली गई है। यह केंद्र उत्तर बंगाल में राज्य सचिवालय के पास बनाया जाएगा। केंद्र एक होटल के साथ ही व्यापारिक सम्मेलनों के आयोजन में भी मदद करेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने होमस्टे स्थापित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने डाबग्राम और फालाकाटा में औद्योगिक पार्क स्थापित करने और सिलीगुड़ी में डाटा सेंटर बनाने का भी एलान किया।

## आतंकवाद के खिलाफ कार्यवाही में स्थानीय राजनीति आड़े नहीं आनी चाहिए : पवार

**मुंबई।** एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने अपने ही गठबंधन के नेता संजय राउत को लताड़ लगाई है। उन्होंने शिवेसना यूबीटी के नेता संजय राउत को सलाह दी कि जब भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, तो उसके बीच स्थानीय राजनीति को नहीं लाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि संजय राउत ने एक दिन पहले ही केंद्र सराकर द्वारा सांसदों का सर्वदलीय दल विभिन्न देशों को भेजने की आलोचना की थी और इंडी गठबंधन की पार्टियों से केंद्र सरकार के इस कदम का बहिष्कार करने की अपील की गई थी।

महाराष्ट्र के बारामती में मीडिया से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय मुद्दे आते हैं तो पार्टी स्तर की राजनीति को पीछे छोड़ देना चाहिए। आज केंद्र सरकार ने कुछ प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है और उन्हें विदेशों में जाकर पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान की गतिविधियों पर भारत का पक्ष रखने की जिम्मेदारी दी गई है। पवार ने याद करते हुए कहा कि वह भी पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव द्वारा गठित एक दल के साथ संयुक्त राष्ट्र गए थे, जिसका नेतृत्व पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने रविवार को अपने एक बयान में कहा था कि विपक्षी इंडी गठबंधन में शामिल दलों को आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न देशों में भेजे जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का बहिष्कार करना चाहिए था।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से शुरू होगा : शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय देशभर में 29 मई से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू करने जा रहा है। इस अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण का अभियान चल रहा है और विकसित भारत के लिए विकसित कृषि, विकसित खेती और समृद्ध किसान जरूरी है। आज भी कृषि, भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लगभग आधी आबादी के रोजगार का साधन है और इससे भी आगे बढ़कर देश की खाद्य सुरक्षा का आधार है।

कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय का उद्देश्य देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है।



लगभग 145 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश में सबको भरपूर खाद्यान मिले सब्जियां व फल की उपलब्धता भी हों, किसानों की आजीविका ठीक चले, मतलब कृषि फायदे का धंधा बने और खाद्यान तो मिले लेकिन पोषणयुक्त हो, उसका प्रयत्न करना और हमारे प्राकृतिक संसाधन हैं, उनका संरक्षण करना, उनका ऐसा उपयोग करना कि वो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी खाद्यान, फल-सब्जियां उत्पन्न करते रहें।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए हमारी छह सूत्रीय रणनीति है- एक उत्पादन बढ़ाना, दूसरा- उत्पादन लागत घटाना, तीसरा- उत्पादन के ठीक दाम देना, चौथा- प्रकृतिक आपदाओं में नुकसान हो जाएं तो भरपाई करना पांचवां- कृषि का विविधीकरण, उसके साथ-साथ वैल्यू एडिशन, फूड प्रोसेसिंग बाकी सारी चीजें और एक बहुत महत्वपूर्ण काम है- प्राकृतिक खेती, जैविक खेती बढ़ाने की दिशा में सोचना है।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने उत्पादन बढ़ने के बारे में कहा कि ओवरऑल देंखे तो खरीफ चावल 1206.79 लाख मीट्रिक टन, गेहूं 1154.30 लाख मीट्रिक टन, खरीफ मक्का 248.11 लाख मीट्रिक टन, मूंगफली 104.26 लाख मीट्रिक टन और सोयाबीन 151.32 लाख मीट्रिक टन, इस साल का ये उत्पादन है ऑल टाइम हाई एक रिकॉर्ड है। हमारा उत्पादन बढ़ रहा है, इसलिए अन्न के भंडार भरे हैं, लेकिन हम यहां रूकना नहीं चाहते, हम अपने देश की जरूरत पूरी करेंगे और भारत चूंकि विश्वबंधु भी है तो कई देशों को भी मदद करेंगे। हमारा सपना और संकल्प एक दिन भारत को फूड बास्केट आफ वर्ल्ड बनाना है, इसलिए हम लोगों ने तय किया है कि खरीफ फसल के लिए हम सारे संस्थानों को, जो कृषि उत्पादन बढ़ाने व लागत घटाने के लिए काम कर रहे हैं, उन सभी को एक साथ लाकर एक दिशा में ले जाएं। अब आईसीएआर के 113 संस्थान हैं, जिनमें इस अभियान के माध्यम से बेहतर कॉर्डिनेशन होगा। राज्य सरकार अपने प्रयत्न करती है, केंद्र सरकार की अपनी योजनाएं है, यूनिवर्सिटी अपना काम करती है, हमने तय किया-इन सभी को जोड़कर एक दिशा में ले चलना है।

# ट्रामा सेंटर की व्यवस्था देख भड़की पालक मंत्री

## तीन वर्ष से एक ही जगह पर तैनात कर्मचारियों की सूची दो दिवस के अंदर तैयार कर करे प्रस्तुत

### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में स्थानांतरण नीति के अनुक्रम में बैठक हुई आयोजित



**सिंगरौली।** जिले में कार्यरत सभी विभागों के जिला प्रमुख अपने अपने विभागों में कार्यरत ऐसे कर्मचारी जो तीन वर्ष से एक ही स्थान पर पदस्त है तथा ऐसे कर्मचारी जो कार्य के प्रति उदासीनता बरत रहे है इनकी सूची तैयार कर दो दिवस के अंदर प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त आशय का निर्देश जिले के प्रवास पर आए हुए जिले के पालक मंत्री एवं मध्य प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती संपत्तिया उइके के द्वारा उपस्थित जिला अधिकारियों को निर्देश दिए। विदित हो कि स्थानांतरण नीति के अनुक्रम में अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री श्रीमती संपत्तिया उइके के अध्यक्षता में एवं राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह पंचायत एवं ग्रामीण विकास ,सीधी सिंगरौली सांसद डॉ.राजेश मिश्र , सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, वनमण्डल अधिकारी अखिल बंसल , नगर निगम अध्यक्ष दिवेश पांडे, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह के गरिमामय उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से उनके विभागों में पदस्थ कर्मचारियों की जानकारी एवं रिक्त पदों की जानकारी ली गई तथा निर्देश दिए गए कि ऐसे कर्मचारी जो 3 वर्ष या इससे अधिक समय से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं उनकी सूची एवं ऐसे कर्मचारी जो कार्य के प्रति उदासीनता बरते हैं एवं उनकी शिकायतें जनप्रतिनिधियों या जनता से लगातार प्राप्त हो रही हो सभी की सूची तैयार कर दो दिवस के अंदर दिया जाना सुनिश्चित करें ताकि स्थानांतरण नीति के अनुक्रम में कार्यवाही की जा सके। बैठक के दौरान उपस्थित सम्मानित विधायक गणों के द्वारा प्रभारी मंत्री को इस आशय से अवगत कराया गया कि अभी भी 63 विद्यालय शिक्षक विहीन है इसके बाद भी शिक्षकों का स्थानांतरण दूसरे जिले के लिए कर दिया गया है ऐसी स्थिति में जब तक शिक्षक विहीन विद्यालयों में शिक्षकों की पूर्ति नहीं हो जाती है तब तक इन्हें भार मुक्त न किया जाए । इसके संबंध में प्रभारी मंत्री के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए की स्थानांत्रित शिक्षकों को भार मुक्त न किया जाए । वहीं जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेंटर की व्यवस्थाओं के साथ-साथ साफ सफाई सहित ओपीडी में सुचारू रूप से व्यवस्था नहीं किए जाने के साथ साथ आउटसोर्स से लगे हुए कर्मचारियों का मजदूरी भुगतान नहीं किए जाने के संबंध में प्रभारी मंत्री को विधायक गण के द्वारा अवगत कराया गया। जिसके संबंध में प्रभारी मंत्री ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सीएमएचओ को कड़े निर्देश दिए की जिला चिकित्सालय की व्यवस्था में सुधार लावे यदि सिविल सर्जन व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित नहीं करवा पा रहे हैं तो उनके भी विरुद्ध प्रस्ताव तैयार करें। आउटसोर्सिंग से लगे कर्मचारियों का शीघ्र मजदूरी का भुगतान करें।

### ट्रांसफॉर्मर केबल लाइन का सुधार करें

सामूहिक रूप से जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रभारी मंत्री को इस आशय से अवगत कराया गया कि विद्युत व्यवस्थाएं क्षेत्र में सही रूप से संचालित नहीं है जिससे आए दिन आम जनमानस को परेशानियां उत्पन्न हो रही हैं इसके संबंध में प्रभारी मंत्री के द्वारा संबंधित विभाग के अधीक्षण यंत्री को कड़े निर्देश दिए गए कि नियम अनुसार विद्युत की सप्लाई किया जाए। बिगड़े हुए ट्रांसफॉर्मर केबल लाइन का सुधार करें एवं ऐसे मोहल्ले जो विद्युतविहीन हो उनकी सूची तैयार कर शीघ्र दिया जाना सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए गए की नए हैंडपंप खनन की शीघ्र कार्यवाही किया जाए ताकि बरसात के पूर्व हैंडपंपों का खनन पूर्ण हो सके वही बृहद जल प्रयोजन के प्रगति की संबंध में चर्चा उपरांत निर्देश दिए की जो भी पाइप सड़कों के किनारे पड़ी है ऐसे स्थलों पर पाइपलाइन लगाने का कार्य तीव्र गति से किया जाए ।

### विद्यालयों एवं मंदिरों के आसपास शराब दुकान हटाओ

प्रभारी मंत्री ने विधायकों से प्राप्त सुझाव के अनुसार आबकारी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए की विद्यालयों एवं मंदिरों के आसपास परिधि में जो भी शराब की दुकानें संचालित हो उन्हें शीघ्र दूसरे स्थान पर परिवर्तित किया जाए। वहीं आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त को इस आशय के निर्देश दिए गए की कन्या छात्रावासों में महिला अधीक्षक की ही पदस्थापना किया जाए।

इसके साथ ही जिलाधिकारी को यह भी निर्देश दिए गए कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा जो भी सुझाव दिए जाते हैं उस पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री शुक्ल ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए की स्थानांतरण नीति के संबंध में जो भी जानकारियां चाहिए गई हैं अनिवार्य रूप से दो दिवस के अंदर दिया जाना सुनिश्चित करें एवं जनप्रतिनिधियों से बैठक के दौरान जो निर्देश दिए गए हैं उसे पर भी कार्यवाही कर अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।

# 24 लाख से निर्मित होने वाले अमृत सरोवर का प्रभारी मंत्री ने किया भूमि पूजन

### भविष्य में जल की सुनिश्चिता हेतु जन भागीदारी के माध्यम से करना होगा जल संरक्षणः संपतिया उईके



**सिंगरौली।** भविष्य मे जल की सुनिश्चिता हेतु हम सभी को जन भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण करना होगा। उक्त आशय का उद्गार जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके मंत्री माध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग के द्वारा व्यक्त किया गया। विदित हो कि ग्राम पंचायत खिरमा में जल गंगा सवर्धन अभियान अंतर्गत 24 लाख की लागत से निर्मित होने वाले अमृत सरोवर का भूमि पूजन प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके के मुख्य अतिथि में एवं राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह की अध्यक्षता में तथा सिंगरौली विधान सभा के विधायक रामनिवास शाह, कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह के गरिमामय उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चन कर कार्य को मूर्त रूप दिया गया।

उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुये प्रभारी मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि जल से जीवन है और जल ही कल है जल संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है पिछले कुछ वर्षो में जल स्तर में गिरावट देखने को मिली है जिसके कारण जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके पूर्ति के लिए हम सब का दायित्व है कि अपने अपने क्षत्रों से संबंधित जल स्त्रोतो को चिन्हित कर इनकी साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करायें। वही राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने अपने उद्बोधन में प्रभारी मंत्री का स्वागत करते हुयें कहा कि आज सिंगरौली जिले में जन भागीदारी के माध्यम से जल स्त्रोतो तालाब, नदी, कुआ, बावढ़ी आदि की साफ सफाई कराकर उनको पुर्नजीवित किया जा रहा है। साथ ही खेत तालाब अमृत सरोवरो के भी निर्माण कराये जा रहे है। उन्होने उपस्थित जन समूह को जल संरक्षण के लिए वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए सोकपिट, बोरी बंधन का कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, एसडीएम सुरेश जाधव, जिला पंचायत सदस्य गीता देवी, जनपद पंचायत चितरंगी के अध्यक्ष सिया दुलारी, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. रावेन्द्र सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत खिरमा विद्यमान सिंह सहित भारी संख्या में आम जन मानस उपस्थित रहे।

## गृहणियों को प्राथमिक उपचार में पारंगत कर रही एनसीएल

### अभी तक 2773 महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एनसीएल द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अभी तक 86 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार की 2773 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में सम्पन्न हुई भाजपा की प्रबंध समिति की बैठक



**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी की प्रबंध समिति की अति महत्वपूर्ण बैठक सूर्या भवन में सम्पन्न हुई। यह बैठक जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संम्पतिया उइके के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह की अध्यक्षता में दिनांक 18 मई को शार्य सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न सांगठनिक एवं प्रशासनिक विषयों पर चर्चा हुई तथा की महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार हुए एवं कई महत्वपूर्ण सांगठनिक एवं प्रशासनिक निर्णय लिए गए। भारतीय जनता पार्टी की यह समिति सर्वोपरि मानी जाती है , तथा इस समिति में संगठन के उच्च पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा वरिष्ठ सदस्य सम्मिलित होते हैं तथा विभिन्न सांगठनिक एवं गंभीर प्रशासनिक मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं जिसके आधार पर संगठन एवं शासन स्तर के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। प्रबंध समिति की बैठक में मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह, सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, जिला महामंत्री राजकुमार दुबे एवं जिला महामंत्री लालपति साकेत उपस्थित रहे।

# जमगड़ी टोल प्लाजा को लेकर समाजसेवी ने समस्याओं के समाधान को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सिंगरौली।** जनहित और ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी एक बार फिर सक्रिय भूमिका में नजर आए। सोमवार को भाटी ग्रामीणों और वाहन मालिकों के साथ जमगड़ी टोल प्लाजा पहुंचे, जहां उन्होंने एमपी आरडीसी के जिम्मेदार अधिकारियों को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में टोल प्रबंधन की अनियमितताओं और सड़क की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। प्रेम सिंह भाटी ने साफ शब्दों में कहा कि यदि सात दिन के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी एमपी आरडीसी की होगी।ज्ञापन में प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं- महुआ गांव से राजमिलान तक की जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत की जाए, जिससे संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही 15 से 20 किलोमीटर की परिधि में चलने वाले स्थानीय वाहनों से टोल वसूली तत्काल बंद करने की मांग की गई।टोल कर्मचारियों की सुरक्षा और वेतन को लेकर भी सवाल खड़े किए गए हैं, जिसमें कहा गया कि मापदंड के अनुरूप वेतन दिया जाए और कर्मचारियों की सूची सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाए। छोटे वाहनों के निर्बाध आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। श्री भाटी ने यह भी बताया कि जमगड़ी से टिकरी के बीच मात्र 60 किलोमीटर की दूरी में तीन स्थानों पर टोल वसूली हो रही है, जो नियमों के विपरीत है। इसे तत्काल बंद कराने की बात भी जोरदार तरीके से उठाई गई। इसके अलावा, टोल नियमों और एचएम मशीनों के सीरियल नंबरों को टोल परिसर में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने की मांग की गई। समाजसेवी भाटी ने अंत में दो टूक शब्दों में कहा कि जनता की समस्याओं को नजर अंदाज करना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि सात दिवस के भीतर मांगे पूरी नहीं होतीं, तो जनांदोलन होगा और उसके लिए जिम्मेदार केवल एमपी आरडीसी होगी। इस प्रदर्शन में ग्रामीणों के चेहरे पर नाराजगी और असंतोष साफ झलक रहा था, जो आने वाले दिनों में टकराव की आहट दे रहा है।

# सृजन यूथ कनेक्टिविटी कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को आत्मरक्षा के साथ-साथ ट्रैफिक नियमों की दी गई जानकारी

## यातायात पुलिस टीम ने ट्रैफिक नियमों, संकेतों और सड़क सुरक्षा पर दिखाई शॉर्ट फिल्म



**सिंगरौली।** जिले में पुलिस विभाग एवं अमृता सेवा संस्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में संचालित सृजन यूथ कनेक्टिविटी कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 19 मई को किशोरों को यातायात सुरक्षा और आत्मरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत थाना यातायात पुलिस टीम द्वारा बच्चों को यातायात नियमों, सड़क संकेतों, सुरक्षित सड़क उपयोग के व्यवहार और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में सरल एवं प्रभावशाली ढंग से बताया गया। बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार सड़क पर चलने, वाहन चलाने और सवारी करते समय सुरक्षा नियमों का पालन कर वे स्वयं को और दूसरों को सुरक्षित रख सकते हैं। इस अवसर पर एक शॉर्ट फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और उनसे होने वाली क्षति को दर्शाया गया। फिल्म ने बच्चों को यह सिखाया कि लापरवाही से नहीं, बल्कि सतर्कता और नियमों के पालन से जीवन सुरक्षित रहता है। बच्चों ने बड़ी उत्सुकता से फिल्म देखी और कई सवाल भी पूछे जिनका जवाब ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने दिया।इसी क्रम में गणेश सिंह और उनकी टीम द्वारा मार्शल आर्ट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने आत्मरक्षा के गुर सीखे। इस सत्र का उद्देश्य किशोरों को आत्मविश्वासी बनाना और उन्हें आपातकालीन स्थितियों में अपनी सुरक्षा स्वयं करने में सक्षम बनाना रहा।

# उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में स्थानीय कवियों ने बिखेरा जलवा

**सिंगरौली।** राष्ट्रीय साहित्य प्रभा मंच, बांसी, जिला मैहर के तत्वाधान में वैढन स्थित उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में सीधी जिले के चुरहट क्षेत्र के वरिष्ठ कवि बलराम सिंह बघेल के नव प्रकाशित काव्य संग्रह राग रागिनी का विमोचन सह काव्य प्रभा का शानदार आयोजन किया गया। यह आयोजन शासकीय डिग्री कॉलेज वैढन के हिन्दी प्राध्यापक डॉ एनपी नीरज के मुख्य आतिथ्य, प्रभाकर दुबे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी वैढन के विशिष्ट आतिथ्य एवं सीधी जिले के सिहावल क्षेत्र से पधारे वरिष्ठ कवि चन्द्र मणि शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना की गई, उसके बाद युवा कवयित्री सुश्री विभा तिवारी द्वारा सुमधुर स्वर में वाणी वंदना करुणामई मां शारदे, वर दे हमें तू ज्ञान का, संकल्प है उत्थान का, सृष्टि के कल्याण का प्रस्तुत की गई। राष्ट्रीय साहित्य प्रभा मंच के उपाध्यक्ष प्रविन्दु दुबे चंचल ने माल्यार्पण कर एवं डायरी पेन भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया तथा अपनी अभिव्यक्तियों से भी अतिथियों का हार्दिक स्वागत, वंदन, अभिनंदन किया।

# अवैध उत्खनन के विरूद्ध माड़ा पुलिस की कार्यवाही

## म्यार नदी से अवैध तरीके से रेत उत्खनन कर परिवहन करते 3 ट्रैक्टरों को किया जप्त



**सिंगरौली।** माड़ा थाना पुलिस ने कोयलखूथ में अवैध रेत खनन कर रहे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा है। म्यार नदी क्षेत्र में छापा मारकर रेत चोरी करने वाले तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। वहीं पुलिस को देखकर तीनों ट्रैक्टर चालक फरार हो गए। पकड़ी गई गाड़ियों को माड़ा थाना परिसर में जब्त कर खड़ा कराया है। मिली जानकारी के अनुसार माड़ा थाना को मुखबिर से सूचना मिली कि कोयलखूथ गांव? के म्यार नदी से तीन ट्रैक्टर अवैध बालू लोड कर रहे है। सूचना पर थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने तत्काल टीम गठित कर कोयलखूथ रवाना किया। जहां पुलिस को कोयलखूथ गांव के म्यार नदी में तीन ट्रैक्टर बालू लोड किये पाये गये। वहीं पुलिस को आता देखकर व अंधेरे का फायदा उठाकर तीनों ट्रैक्टर चालक वाहन को वही छोडकर फरार हो गये। पुलिस अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ़ बीएनएस तथा खान खनिज अधिनियम के अतर्गत अपराध कायम कर विवेचना शुरू कर दी। थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने बताया सूचना पर हमारी टीम मौके पर पहुंची तो तीन ट्रैक्टर अवैध रेत लोड़ पाए गए।

इन गाड़ियों को थाने में खड़ा कर, संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण तैयार किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा,उप निरी खेलन सिंह करिहार, अनुराग मिश्रा, राहुल सिंह, अखिल साहू,संदीप सिंह लोधी, आकाश सिंह, अजय यादव, राजकुमार की भूमिका रही ।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक अयोजित

## कूलर एवं एयर कन्डीशनर के व्यवस्था हेतु विधायक सहित कलेक्टर एवं आयुक्त ने बढ़ाया हाथ



**सिंगरौली।** जिला चिकित्सालय सह ट्राम सेंटर में संचालित रोगी कल्याण समिति की बैठक कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता एवं सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित विधायक सिंगरौली एवं देवसर के देवसर के द्वारा जिला चिकित्सालय की व्यवस्था में सुधार लाने के लिए आवश्य सुझाव दिए गयें वही रोगी कल्याण समिति के आय के स्त्रोतो को बड़ाने के संबंध में सुझाव दिया गया।

बैठक के दौरान वर्तमान गर्मी को देखते हुयें 10 कुलर एवं चिकित्सको के लिए 5 एयर कन्डीशनर क्रय करने हेतु सिंगरौली विधयायक श्री शाह एवं देवसर विधायक श्री मेश्राम के द्वारा एक- एक लाख एवं कलेक्टर तथा नगर निगम आयुक्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, आर.एम.ओ के द्वारा दस-दस हजार रूपयें की आर्थिक सहायता प्रदान करने की सहमति दी गई। बैठक में जिला चिकित्सालय में लगे डीजी के ईंधन हेतु विधायक द्वय श्री शाह एवं श्री मेश्राम के द्वारा 5-5 लाख रूपये की सहायता विधायक निधि से रोगी कल्याण समिति में दिए जाने की घोषणा की गई । बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि आपातकालीन स्थिति हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जाए। एवं किलोमीटर के अनुसार न्यूनतम निर्धारित दर पर प्रदान की जाएगी । साथ ही निर्धारित की गई दर को भी अवगत कराने हेतु निर्णय लिया गया। जिला चिकित्सालय की साफ सफाई व्यवस्था को सुधार बनाए रखने के साथ साथ यह भी निर्णय लिया गया कि जिला चिकित्सालय में पान गुटका सिगरेट तंबाकू का सेवन करने के साथ साथ जो गंदगी भी फैलाने वालो पर उनके विरुद्ध 200 रुपए जुर्माना लगायें जाने का निर्णय लिया गया । साथ ही सिविल सर्जन को निर्देश दिए गए कि उक्त निर्णय का कड़ाई से पालन किया जाए। इसके अलावा भी जिला चिकित्सालय भवन की पुताई मरम्मत हेतु एस्टीमेट तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया । बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त डी के शर्मा,सीएमएचओ डॉ एनके जैन, सिविल सर्जन डॉ देवेंद्र सिंह,डॉ उमेश सिंह डॉ बलेन्दु शाह आदि उपस्थित रहे ।

# एडीआर सेंटर में साथी समिति की बैठक में हुआ विमर्श

सीधी



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) द्वारा चलाए जा रहे साथी, आधार के लिए सर्वेक्षण, ट्रैकिंग और समग्र समावेश तक पहुंच अभियान के अनुक्रम में म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर (सालसा) के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री मुकेश कुमार शिवहरे की अध्यक्षता में गठित समिति में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द श्रीवास्तव, सिविल सर्जन श्री एसबी खरे द्वारा प्राधिकृत डॉ आशीष भारती, जिला शिक्षा अधिकारी श्री पीके सिंह, जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं महिला बाल विकास अधिकारी सीधी श्री प्रवेश मिश्रा, जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर श्री मनीष कुमार सिंह, श्री अनुराग पाण्डेय श्रीमती निशा मिश्रा सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, श्री धर्मेन्द्र शुक्ला सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, श्री शान्त शिरोमणि पयासी अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सीधी, सचीन्द्र मिश्रा सदस्य बाल कल्याण समिति सीधी, श्रीमती रंजना मिश्रा सदस्य बाल कल्याण समिति सीधी, पैनल अधिवक्ता श्री रामशरण दुबे, अखिलेश द्विवेदी, राघवेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पन्नालाल सोनी तथा पैरालीगल वालेंटियर्स में रानू मिश्रा, पियूष मिश्रा कु. दीपिका सिंह शामिल थे। प्राधिकरण के सचिव श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने मौजूद अधिकारियों को साथी अभियान के संबंध में आधार कार्ड से वंचित बेसहारा बच्चों का सर्वेक्षण एवं पहचान कार्य 26 मई से 26 जून तक किए जाने के साथ ही आधार बनवाए जाने का कार्य 27 जून से 5 अगस्त तक किए जाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान कर समाज की मुख्य धारा में लाने के प्रयास कर साथी अभियान का सफल बनाए जाने की अपील की गई है।

## ग्रामोत्सव के दौरान नि:शुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

**सीधी।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पंचायत रामगढ़ में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के आयोजन और अमित गौतम स्वतंत्र के संयोजन पर चल रहे ग्यारहवें वर्ष ग्रामोत्सव के छठवें दिवस नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। सद्गुरु सेवा संघ के सहयोग पर शिविर में तीन दर्जन से अधिक नागरिकों का नेत्र परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई । इस दौरान संयोजक अमित गौतम स्वतंत्र, सद्गुरु सेवा संघ से अंकित सेन, सचिव प्रवीण शुक्ल, पूर्व पंच बाबूलाल कुशवाहा, गंगा गौतम, राजेश गौतम, इंद्र कुमार मिश्रा, हिमांशु विश्वकर्मा, अवनीश शुक्ला, पंच पप्पू कुशवाहा, मनोज विश्वकर्मा, निखिल शुक्ला, सुमित गौतम सहित समिति पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थिति रहे।

# तपती धूप में बाघों की मस्ती! दुबरी रेंज में एक साथ दिखे चार वयस्क बाघ



**सीधी।** सीधी जिले के संजय टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले दुबरी रेंज में हाल ही में एक रोमांचकारी दृश्य कैमरे में कैद हुआ है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। वायरल हो रहे इस वीडियो में चार वयस्क बाघ एक साथ अटखेलियां करते नजर आ रहे हैं। तपती धूप में जंगल के बीचों-बीच ये बाघ एक-दूसरे के साथ खेलते, गर्जना करते और कभी-कभी हल्के संघर्ष की मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो में बाघों की दहाड़ सुन पर्यटक पहले थोड़े सहमे जरूर, लेकिन यह नज़ारा उनके लिए जिंदगी भर की याद बन गया। लगभग 44 सेकंड का यह वीडियो पर्यटकों ने अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड किया और सोशल मीडिया पर शेयर किया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। बाघों को इतनी नजदीकी से एक साथ देखना अपने आप में दुर्लभ अनुभव होता है, और यही कारण है कि लोग इस पल को लेकर खासे उत्साहित दिखे।टूरिस्ट गाइड धर्मेंद्र भूर्तिया ने बताया कि इन दिनों पर्यटकों को बाघों के दीदार आसानी से हो रहे हैं। दुबरी रेंज में बाघों की सक्रियता बढ़ी है, जिससे लोगों में रोमांच भी बढ़ा है। पर्यटक न केवल खुद आ रहे हैं, बल्कि अपने परिचितों को भी आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

संजय टाइगर रिजर्व के डीएफओ राजेश कन्ना ने भी इस घटनाक्रम को पर्यावरणीय पर्यटन के लिहाज से सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा कि बाघों की यह सहज उपस्थिति यह दर्शाती है कि अभयारण्य में वन्यजीवों के लिए अनुकूल माहौल बन रहा है। साथ ही, बाघों की झलक पाने के लिए पर्यटकों की संख्या में भी इस साल काफी इजाफा हुआ है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदा में किसानों को देती है बीमा लाभ

**सीधी।** देश में खेती परंपरागत रूप से प्रकृति पर आधारित है। किसान की फसल पर पाले, अधिक वर्षा, बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा में हानि का सदैव खतरा रहता है। इससे किसान को सुरक्षा देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना में बीमा कंपनियाँ बीमा की जो राशि तय करती हैं उसमें से किसान को खरीफ फसल के लिए केवल 2 प्रतिशत और रबी फसल के लिए 1.5 प्रतिशत प्रीमियम देना होता है। बागवानी फसलों के लिए प्रीमियम राशि 5 प्रतिशत निर्धारित की गई है। प्रीमियम की शेष राशि का 50 प्रतिशत केन्द्र सरकार तथा 50 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा अदा किया जाता है। फसल हानि होने पर कम से कम 25 प्रतिशत दावा राशि सीधे किसान के बैंक खाते में दी जाती है। प्रत्येक जिले में तहसीलवार, फसलवार तथा हल्कावार बीमा के प्रकरण तैयार किए जाते हैं।

ऋणी और अऋणी किसान खरीफ फसल के लिए 16 अगस्त तक तथा रबी फसल के लिए 15 सितम्बर से 16 जनवरी तक फसल बीमा योजना के आवेदन बैंकों में जमा कर सकते हैं। बैंकों द्वारा खरीफ फसल के लिए 30 सितम्बर तक तथा रबी फसल के लिए 28 फरवरी तक बीमा प्रस्ताव संबंधित बीमा कंपनी को भेजना आवश्यक होगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ फसल के लिए ऋणी किसान 15 सितम्बर तक एवं अऋणी किसान 22 अगस्त तक प्रीमियम की राशि जमा कर सकते हैं। रबी फसल के लिए ऋणी किसान 15 फरवरी एवं अऋणी किसान 22 जनवरी तक प्रीमियम राशि जमा कर सकते हैं।

फसलों के पैदावार के आंकड़े के आधार पर आधुनिक तकनीक से फसल के नुकसान का आकलन किया जाता है। फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त आंकड़े स्मार्ट फोन के माध्यम से अपलोड किए जाते हैं। जल भराव होने, चक्रवात और बेमौसम बारिश होने से फसलों को हानि होने पर भी बीमा सुरक्षा का लाभ दिया जाएगा।

## मध्यपप्रदेश शिक्षक संघ की बैठक 21 मई को

**रीवा।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई रीवा की आवश्यक बैठक दिनांक 21 मई 2025को सुबह 11:00 से मार्तण्ड क्रमांक 3 रीवा में आयोजित की गई है जिसमें जिला इकाई के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति आपेक्षित है। साथ ही विकासखंड नगर एवं तहसील इकाई के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष की उपस्थिति आपेक्षित है। रीवा नगर तहसील हुजूर एवं विकासखंड रीवा के सभी दायित्व वान पदाधिकारी सम्मिलित होने का कष्ट करें। रीवा शहर में निवास करने वाले अन्य विकासखंड तहसील इकाई के पदाधिकारीयों से भी अनुरोध है की बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।

# मिशन कर्मयोगी अंतर्गत कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की क्षमता इकाई का गठन

**सीधी।** राज्य शासन द्वारा मिशन कर्मयोगी अंतर्गत कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की क्षमता इकाई का गठन किया गया है। प्रमुख सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग श्री अमित कुमार राठौर को अध्यक्ष एवं आयुक्त हाथकरघा एवं हस्तशिल्प तथा प्रबंध संचालक संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम श्री मदन कुमार नागरगोजे को सदस्य सचिव बनाया गया है।

श्री मालसिंह भयडिया प्रबंध संचालक म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. माटीकला बोर्ड, श्री मोहित बुंदस आयुक्त रेशम संचालनालय, श्री अरुण कुमार सिंह उप सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग, श्री जी.एस. आर्य अवर सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग को सदस्य बनाया गया है।

मिशन कर्मयोगी, एक सरकारी पहल है, जिसका उद्देश्य सिविल सेवकों को राष्ट्र की सेवा के लिए बेहतर तैयार करना है। यह सिविल सेवा में सुधार के लिए एक व्यापक योजना है। मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी के माध्यम से सिविल सेवकों को एक आदर्श कर्मयोगी के रूप में विकसित करना है। मिशन कर्मयोगी, सार्वजनिक सेवा में सुधार के लिए एक व्यापक योजना है, जिसमें कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग भी शामिल है। यह मिशन ग्रामीण विकास के लिए आवश्यक सुधारों को लागू करने में मदद करता है।

मिशन कर्मयोगी के माध्यम से सिविल सेवकों को प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के कार्यों को बेहतर ढंग से समझ सकें और उन्हें लागू कर सकें। मिशन कर्मयोगी, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के कर्मचारियों की क्षमता विकसित करने और विभाग में सुधारों को लागू करने में मदद करता है, जिससे सार्वजनिक सेवा अधिक प्रभावी और कुशल हो सके।

कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग का प्राथमिक कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर और ग्रामोद्योगों का विकास करना है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने और आर्थिक विकास में योगदान करता है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने एवं स्थानीय उत्पादों के प्रचार में भी मदद करता है।

# नरवाई न जलाने तथा इससे जैविक खाद बनाने की सलाह

**सीधी।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है। इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है। इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से यह नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है। नरवाई जलाने की बजाए यदि फसल अवशेषों को एकत्रित करके जैविक खाद बनाने में उपयोग किये तो यह बहुत लाभदायक होगा। नाडेप तथा वर्मी विधि से नरवाई से जैविक खाद आसानी से बनाई जा सकती है। इस खाद में फसलों के लिए पर्याप्त पोषक तत्व रहते हैं। इसके आलावा खेत में रोटावेटर अथवा डिस्क हैरो चलाकर भी फसल के बचे हुए भाग को मिट्टी में मिला देने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है। गेंहू की फसल के बाद नरवाई को खाद में बदलने तथा बिना जुताई किए फसलों की बुआई के लिए सुपर सीडर तथा हैप्पी सीडर का उपयोग बहुत लाभकारी है। इससे नरवाई नष्ट होने के साथ जुताई और बुवाई का खर्च और समय दोनों बचेगा।

### वूमन फॉर ट्री अभियान

# महिला स्वसहायता समूहों को भ्रमण किट 23 मई तक आवश्यक रूप से वितरित हो

सीधी

प्रदेश में केन्द्र सरकार के एक पेड़ माँ के नाम से प्रेरित होकर अमृत मित्र योजना के अंतर्गत वूमन फॉर ट्री पौध-रोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान प्रदेश में 5 जून से 31 अगस्त तक चलाया जायेगा। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने विस्तृत दिशा निर्देश नगरीय निकायों को जारी किये है। यह अभियान अमृत 2.0 योजना एवं डे-एनयूएलएम के कन्वर्जेंस से संचालित किया जा रहा है।

नगरीय निकायों को पौध रोपण का स्थल चयन कर अमृत 2.0 के पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने नगरीय निकायों से कहा है कि स्व सहायता समूह की महिलाओं को 21 मई से 23 मई तक पौध रोपण के स्थान का भ्रमण किट आवश्यक रूप से वितरित कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। इसके बाद प्रदेश में 5 जून से 31 अगस्त तक सफलता पूर्वक पौध रोपण किया जायेगा। अभियान को सफल बनाने के लिये नगरीय निकायों को महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये भी कहा गया है। यह अभियान नारी सशक्तिकरण एवं हरित भारत के निर्माण की दिशा में एक अनूठा प्रयास है। इस अभियान को सामाजिक सहभागिता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ पूरा किया जायेगा। देशभर में यह अभियान केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की मदद से संचालित किया जा रहा है।

## रानी अहिल्या के महान व्यक्तित्व पर चर्चा 31 मई को शांतिधाम में

**रीवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कला एवं संस्कृत प्रभाग की पहल पर हिंदी काव्य साहित्य परिचर्चा कलम परिवार एवं हिंदू धर्म परिवार के संयुक्त तत्वाधान पर आगामी 31 मई को रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर उनके कृति एवं व्यक्तित्व पर सघन चर्चा का आयोजन स्थानीय शांति धाम सभागार झिरिया में किया जाएगा जिसमें पीड़ित शोषित नारियों के उठाए गए सार्थक कदमों के साथ धर्म एवं सनातन की रक्षा के लिए किए गए महान कार्यों को याद किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक बी के प्रकाश,धर्म परिवार महिला शाखा अध्यक्ष ममता नरेंद्र सिंह एवं कलम परिवार की उपाध्यक्ष डॉ गीता शुक्ला गीत एवं इंदिरा अग्निहोत्री के संयोजन में आयोजन किया जाएगा जिसमें तीनों संस्थाओं के सदस्य अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

## अभाविप नगर द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में जल मंदिर का किया गया उद्घाटन



**सीधी।** अभाविप के गतिविधि कार्य सेवार्थ विद्यार्थी (स्व्रस) के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस (संजय गांधी महाविद्यालय) में जल मंदिर का किया गया उद्घाटन जिसमें समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं अनेकों छात्रा - छात्राएं उपस्थित रहे , सेवार्थ विद्यार्थी जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को सेवा के कार्य से जोड़ना समाज एवं राष्ट्र हित के लिए प्रोत्साहित करना है स्व्रस के द्वारा भीषण गर्मी को दृष्टिगत महाविद्यालय में आने जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं आमजन को शुद्ध शीतल पेय जल उपलब्ध हो इस हेतु किया गया। जल मंदिर के उद्घाटन उपरांत समस्त जानों को मुंह मीठा करा कर जल पिलाया गया।

शिक्षकों द्वारा विद्यार्थी परिषद की प्रशंसा करते हुए इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद न केवल छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करता है अपितु विद्यार्थी परिषद समाज के विभिन्न क्षेत्रों में भी कार्य करता है तथा विद्यार्थीयों को सेवा कार्य में जोड़ने के लिए प्रेरित करता है।

## प्रदेश की नगरीय निकाय प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिये शहरी सुधार कार्यकम

### राजस्व संग्रहण के लिये प्रोत्साहन योजना

**सीधी।** प्रदेश के नगरीय निकाय प्रणाली में सुधार कर पारदर्शिता लाने और कार्यक्षमा में वृद्धि करने के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शहरी सुधार कार्यक्रम योजना लागू की है। नगरीय निकायों की लेख प्रणाली के संभूति आधारित द्विप्रविष्टीय लेखा प्रणाली में परिवर्तन करने के लिये कार्य किया गया है। प्रदेश की 369 निकायों में यह कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नवगठित 44 निकायों में निविदाएं आमंत्रित करने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है। प्रदेश के नगरीय निकायों में जी.आई.एस. आधारित मानचित्र तैयार कर संपत्तिकर के दायरे और वसूली में वृद्धि किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। जीआईएस आधारित बहुउद्देशीय पारिवारिक सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत प्रदेश की सभी 413 नगरीय निकायों का आधार मानचित्र कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी के साथ 294 नगरीय निकायों जिनमें नगर निगम मुरैना को शामिल करते हुये संपत्ति सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया जा चुका है। प्रदेश की 119 नगरीय निकायों में कार्य प्रगति पर है। राज्य के 15 नगर निगमों में से 9 नगर निगमों में संपत्ति सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया जा चुका है। अब शेष रह गये 6 नगर निगमों में सर्वेक्षण का काम तेजी से किया जा रहा है।

राज्य शासन द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों को राजस्व संग्रहण के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन पुरस्कार राशि प्रदान की जा रही है। नगरीय निकायों में राजस्व संग्रहण को बढ़ाने के लिये लगातार समीक्षा करने के भी निर्देश दिये गये हैं। जिन नगरीय निकायों में राजस्व संग्रहण में वृद्धि हुई है, उन्हें अनुदान राशि विभाग द्वारा शीघ्र जारी की जा रही है।

# किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर, नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ

सीधी

खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है। संभागीय कृषि अभियांत्रिकी विभाग सतना में सुपर सीडर उपलब्ध है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एकड़ क्षेत्र में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है। गेंहू के बाद जिन क्षेत्रों में मूंग की खेती की जाती है वहाँ भी सुपर सीडर बहुत उपयोगी है।

हार्वेस्टर से कटाई के बाद गेंहू के शेष बचे डंठल को आसानी से मिट्टी में मिलाकर सुपर सीडर मूंग की बुवाई कर देता है। सुपर सीडर के उपयोग से जुताई का खर्च बच जाता है। नरवाई नष्ट करने, जुताई और बुवाई एक साथ हो जाने से खेती की लागत घटती है। जिन किसानों के पास ट्रैक्टर हैं उनके घर के शिक्षित युवा सुपर सीडर खरीदकर एक सीजन में एक लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं।

## ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सीधी।** भुइमाड़ पुलिस नें ट्रैक्टर की ट्राली चोरी करने वाले आरोपियों को हिरासत में लेकर लगभग 6 लाख रूपए कीमती मशरुका जप्त किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी कुसमी रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी भुइमाड़ उनि डीडी सिंह के नेतृत्व में भुइमाड़ पुलिस नें ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने वाले आरोपियों को हिरासत में लेकर चोरी गई ट्राली के साथ चोरी मे प्रयुक्त ट्रैक्टर का हेड जप्त किया है। पुलिस के अनुसार थाना भुइमाड़ में फरियादी मोहन सिंह पिता स्व. संरजू शरण सिंह निवासी मझौली टोला थाना भुइमाड़ जिला सीधी थाना में रिपोर्ट लेख कराया कि मेरी ट्रेक्टर की ट्राली जो हमारे घर के बगल मे बजरंग बली मंदिर के पास खड़ी रहती थी।

# समग्र आईडी सत्यापन 90 प्रतिशत होने पर ही वेतन होगा मंजूर

रीवा

प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन कोष एवं लेखा के आईएफएमआईएस पोर्टल के माध्यम से तैयार होता है। पोर्टल में प्रत्येक शासकीय सेवक की इम्पलाई प्रोफाइल बनी हुई है जिसमे समस्त विवरण दर्ज हैं। संचालक कोष एवं लेखा में इम्पलाई प्रोफाइल को समग्र आईडी से सत्यापित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ला ने बताया कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख उनके अधीन पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन करके आधार संख्या से लिंक कराएं। समग्र आईडी अपडेशन का कार्य 25 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर लें। शासन के निर्देशों के अनुसार आईएफएमआईएस पोर्टल समग्र आईडी सत्यापन कुल कर्मचारियों का 90 प्रतिशत होने पर ही कोषालय वेतन मंजूर होगा। अभी जिले के 117 आहरण संवितरण अधिकारियों का समग्र आईडी सत्यापन 90 प्रतिशत से कम है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि सभी शासकीय कर्मचारी इम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी को दर्ज कर सत्यापित कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में सभी कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन कराने का अनुरोध किया गया है।

## संपादकीय

# शर्मनाक बयान

मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की टिप्पणी केवल कर्नल सोफिया कुरैशी ही नहीं, पूरी भारतीय सेना के त्याग और बलिदान का अपमान है। उन्होंने उस सेना को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया, जो किसी जाति, धर्म से परे होकर देश की रक्षा में लगी हुई है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियां बताती हैं कि यह मामला केवल 'जुबान फिसलने' या 'भावनाओं में बहने' का नहीं है। मंत्री ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कर्नल कुरैशी पर टिप्पणी की थी। उन्होंने नाम तो नहीं लिया, लेकिन इशारा समझने के लिए काफी था। संवैधानिक पद पर बैठे शख्स की ऐसी सोच हैरान करने वाली है। अब वह माफी मांग रहे हैं, लेकिन सवाल उनसे होना चाहिए कि यह नौबत ही क्यों आई और किस मानसिकता के तहत उन्होंने ऐसी टिप्पणी की। पहलगाम हमले के पीछे आतंकवादियों का मकसद देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाना था। पूरे भारत ने एकजुटता दिखाकर आतंकी मंसूबों को नाकाम कर दिया। लेकिन, मंत्री के शब्द एकता और अखंडता पर चोट पहुंचाते हैं। हाई कोर्ट ने इस खतरे को समझा और कहा कि उनकी टिप्पणी अलगाववादी भावनाओं को बढ़ावा देती है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने नसीहत दी कि जब देश ऐसी स्थिति से गुजर रहा हो तो एक मंत्री की ओर से बोला गया हर शब्द जिम्मेदारी की भावना के साथ होना चाहिए। अफसोस, राजनेताओं में इस भावना का अभाव कई बार दिख जाता है। वोट बटोरने के चक्कर में वे ऐसी बातें कह जाते हैं, जो मर्यादा के दायरे से बाहर होती हैं। गैर-जिम्मेदारी में वे कभी सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ कुछ कह रहे होते हैं, तो कभी सेना के खिलाफ। ये हरकतें मजबूत संस्थाओं को कमजोर करने वाली हैं। हाई कोर्ट के आदेश पर मध्य प्रदेश पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली, लेकिन उस पर अदालत ने जो सवाल उठाए हैं, वह भी कम चिंताजनक नहीं। जब हाई कोर्ट ने मामले का खुद संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा था, तो फिर यह नौबत नहीं आनी चाहिए थी, जहां उसे कहना पड़ा कि ख्रद्धक्र ड्राफ्ट कमजोर है।

**नया मामला राजस्थान का है। भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के एक विधायक जयकृष्ण पटेल को राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने विधानसभा में सवाल पूछने के बदले 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। राजस्थान की इस क्षेत्रीय पार्टी के दो विधायक और एक सांसद हैं। आदिवासियों के उत्थान के आहवान के साथ इस पार्टी का गठन किया गया। इस पार्टी ने 2023 के विधानसभा चुनाव मे कुल चार सीटें जीती, तीन सीटें राजस्थान मे और एक सीट मध्यप्रदेश मे जीती। बीएपी की टिकट पर डूंगरपुर बांसवाड़ा संसदीय सीट जीतने वाले राजकुमार रोत लोकसभा से सांसद बने। रिश्वत लेने के आरोपी बीएपी विधायक पटेल ने विधानसभा में बीते सत्र के दौरान 11 जुलाई 2024 को अवैध खनन, फार्म हाउस, वन्य जीव और नशा तस्करी को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कुछ सवाल किये गए थे। विधानसभा में इन्हीं खनन से जुड़े सवालों को हटवाने को लेकर रिश्वत का खेल शुरु हुआ।**

# रिश्वत लेकर सवाल पूछने का नेताओं काला इतिहास रहा है

(योगेंद्र योगी)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा का मामला अभी भी देश के लोगों की स्मृति से मिटा भी नहीं है। महुआ मोइत्रा ने रियल एस्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के व्यवसायिक हितों की रक्षा के लिए संसद में सवाल पूछे।

देश के नेताओं ने आजादी के बाद से भ्रष्टाचार के इतने काले कारनामे किए हैं कि यदि कोई नेता ईमानदारी से अच्छा भी काम करे तब भी उस पर सहज भरोसा करना मुश्किल होता है। देश के लोगों की याद से नेताओ के काले कारनामे की छाप मिटे, इससे पहले ही कोई न कोई नया कांड ऐसा सामने आता है और पूरे तंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो जाते हैं। नया मामला राजस्थान का है। भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के एक विधायक जयकृष्ण पटेल को राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने विधानसभा में सवाल पूछने के बदले 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। राजस्थान की इस क्षेत्रीय पार्टी के दो विधायक और एक सांसद हैं। आदिवासियों के उत्थान के आहवान के साथ इस पार्टी का गठन किया गया। इस पार्टी ने 2023 के विधानसभा चुनाव मे कुल चार सीटें जीती, तीन सीटें राजस्थान मे और एक सीट मध्यप्रदेश मे जीती। बीएपी की टिकट पर डूंगरपुर बांसवाड़ा संसदीय सीट जीतने वाले राजकुमार रोत लोकसभा से सांसद बने। रिश्वत लेने के आरोपी बीएपी विधायक पटेल ने विधानसभा में बीते सत्र के दौरान 11 जुलाई 2024 को अवैध खनन, फार्म हाउस, वन्य जीव और नशा तस्करी को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कुछ सवाल किये गए थे। विधानसभा में इन्हीं खनन से जुड़े सवालों को हटवाने को लेकर रिश्वत का खेल शुरु हुआ। बीएपी विधायक ने इन सवालों को हटाने के लिए 10 करोड़ की डिमांड की थी। अंततः 20 लाख में सौदा तय हुआ और विधायक पटेल को रंगे हाथों दबोच लिया गया। यह पहला मौका नहीं है जब किसी जनप्रतिनिधि ने सदन की पवित्रता को तार-तार किया है। इससे पहले भी मामले सामने आ चुके हैं, जब विधानसभा हो या लोकसभा में सवाल पूछने या नहीं पूछने के ऐवज में रिश्वत मांग कर समूचे लोकतंत्र को कलंकित करने का काम किया गया है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा का मामला अभी भी देश के लोगों की स्मृति से मिटा भी नहीं है। महुआ मोइत्रा ने रियल एस्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के व्यवसायिक हितों की रक्षा के लिए संसद में सवाल पूछे। आरोप था कि महुआ मोइत्रा ने हीरानंदानी के इशारे पर 61 सवालों में 50 में अंबानी और अडानी को टारगेट किया। दर्शन हीरानंदानी ने खुलासा किया कि महुआ मोइत्रा ने अपनी संसद लॉगिन और पासवर्ड उनके साथ साझा किया था। उन्होंने महुआ की ओर से सवाल पोस्ट किए थे। एथिक्स कमेटी ने 6-4 के बहुमत से महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता खत्म करने की सिफारिश कर दी। टीएमसी सांसद मोइत्रा से पहले भी जनप्रतिनिधियों के ऐसे कृत्यों से देश में राजनीतिक बवंडर उठ चुके हैं। वर्ष 2005 में ऐसे ही एक अन्य मामले में लोकसभा के 10 और राज्यसभा के एक सांसद की सदस्यता रद्द हुई थी। तब एक वेब पोर्टल ने स्टिंग ऑपरेशन किया था। स्टिंग में 11 सांसद सवाल के बदले में कैश का ऑफर स्वीकार करते दिखे थे। इनमें लोकसभा के 10 और राज्यसभा के 1 सदस्य को निष्कासित कर दिया गया था। तब केंद्र में डॉक्टर मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए-1 की सरकार थी। संसद की सदस्यता गंवाने वालों में 6 बीजेपी के थे, 3 बीएसपी के और 1-1 कांग्रेस के सांसद थे। स्टिंग में सबसे कम कैश 15000 रुपये की भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह लोढ़ा के सामने पेशकश की गई थी जबकि सबसे ज्यादा कैश 1,10,000 रुपये आरजेडी के सांसद मनोज कुमार को ऑफर की गई थी। 24 दिसंबर 2005 को संसद में वोटिंग के जरिए आरोपी सभी 11 सांसदों को निष्कासित कर दिया गया। लोकसभा में प्रणब मुखर्जी ने 10 सांसदों के निष्कासन का प्रस्ताव रखा था जबकि राज्यसभा में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने एक सांसद को निष्कासित करने का प्रस्ताव रखा था। वोटिंग के दौरान भाजपा वॉकआउट कर गई थी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष एलके आडवाणी ने कहा था कि सांसदों ने जो कुछ किया वह करप्शन कम, मूर्खता ज्यादा है। इसके लिए निष्कासन बहुत ही कठोर सजा होगी। जनवरी 2007 में सुप्रीम कोर्ट ने भी सांसदों के निष्कासन के फैसले को सही ठहराया था। उसी साल दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश में दिल्ली पुलिस ने इस मामले में केस भी दर्ज किया था। न्यूज पोर्टल के दो पत्रकारों के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल हुई। संसद राज्यसभा हो या लोकसभा, सदन में सत्र की कार्यवाही के दौरान असहज कर देने वाली घटनाओं का पुराना इतिहास रहा है। पहले भी ऐसी कई घटनाओं का गवाह बना है चाहे वो पैसे के लेन-देन को लेकर आरोप लगाने का मामला हो या फिर नोटों की गड्डियां लहराने का। ऐसे कई किस्से हैं जब सदन की गरिमा को तार-तार किया गया। 22 जुलाई, 2008 को मनमोहन सरकार के विश्वासमत हासिल किए जाने के दौरान लोकसभा में एक करोड़ रुपए के नोटों की गड्डियां लहरा कर सनसनी फैला दी गई थी। नोट लहराने वालों में भाजपा के तीन सांसदों अशोक अर्गल, महावीर भागौरा और फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल थे। तीनों सांसदों ने आरोप लगाया था कि समाजवादी पार्टी के तत्कालीन महासचिव अमर सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल ने विश्वास मत में हिस्सा नहीं लेने के बदले रुपए देने की पेशकश की थी। जबकि इन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया था। इसी तरह राज्यसभा में 5 दिसंबर 2024 को कांग्रेस सांसद की बेंच से नोटों के बंडल मिलने का मामला सामने आया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इसे गंभीर मामला बताया। साथ ही इसकी जांच कराने की बात कही है। यह सीट तेलंगाना से सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की थी। देश के लोकतंत्र पर कालिख पोतने वाली ऐसी घटनाओं से जाहिर है कि कानून बना कर देश चलाने वाले जनप्रतिनिधियो पर आम लोगों का पूरा भरोसा नहीं है। इस भरोसे के दरकने के लिए नेता जिम्मेदार हैं। दरअसल नेता और जनप्रतिनिधी जब तक खुद को कानून से ऊपर समझते रहेंगे तब तक ऐसी शर्मनाक पुनरावृत्ति से देश शर्मसार होता रहेगा।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

**भारत और पाकिस्तान में सैन्य झड़पों के बाद अब अस्थिर संघर्ष विराम जारी है। दोनों देशों ने संघर्ष विराम को लगातार बनाए रखने की बात की है। हालांकि, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए बता दिया है कि उसके दुश्मन पाकिस्तान में कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई उन्हें चाहकर भी बचा नहीं सकती है। भारत के सटीक हमलों से न केवल आतंकी ढांचे मिट्टी में मिल गए, बल्कि पाकिस्तान के मददगारों को भी इसकी कीमत चुकानी पड़ी।**

# भारत को सिर्फ पाकिस्तान से ही नहीं, तुर्की से भी रहना चाहिए सावधान, एर्दोगन को इंडिया से क्यों है नफरत

(प्रियेश मिश्र)

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम जारी है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। तुर्की ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता पहुंचाई। ड्रोन और सैन्य ऑपरेटर भेजे गए। भारत में तुर्की के सामान के बहिष्कार की मांग उठी। एर्दोगन ने पाकिस्तान का समर्थन किया। भारत ने तुर्की की कंपनी का लाइसेंस रद्द कर दिया। भारत और पाकिस्तान में सैन्य झड़पों के बाद अब अस्थिर संघर्ष विराम जारी है। दोनों देशों ने संघर्ष विराम को लगातार बनाए रखने की बात की है। हालांकि, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए बता दिया है कि उसके दुश्मन पाकिस्तान में कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई उन्हें चाहकर भी बचा नहीं सकती है। भारत के सटीक हमलों से न केवल आतंकी ढांचे मिट्टी में मिल गए, बल्कि पाकिस्तान के मददगारों को भी इसकी कीमत चुकानी पड़ी। भारत की कार्रवाई इतनी प्रभावी थी कि पाकिस्तान को संघर्ष विराम के लिए हाथ-पैर जोड़ने पड़े। इसके बावजूद भारत ने सिंधु जल संधि का निलंबन वापस नहीं लिया है।

**तुर्की ने की पाकिस्तान की सैन्य मददः** हालांकि, भारत-पाकिस्तान संघर्ष में तुर्की की भूमिका काफी चर्चा में रही। तुर्की ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद ही पाकिस्तान की सैन्य सहायता करनी शुरू कर दी थी। तुर्की की वायुसेना के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने पाकिस्तान पहुंचकर ड्रोन और दूसरे सैन्य संसाधनों की डिलीवरी की थी। इसके अलावा तुर्की ने इन ड्रोन को चलाने के लिए अपने सैन्य ऑपरेटरों को भी पाकिस्तान में तैनात किया था। हालांकि, ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि भारत के हमलों में तुर्की के सिर्फ ड्रोन ही धुआं-धुआं नहीं हुए, बल्कि उसके दो सैन्य ऑपरेटर भी मारे गए।

**तुर्की के हथियारों पर निर्भर पाकिस्तानः** इस घटना से पूरी दुनिया को यह मालूम चला कि पाकिस्तान किस तरह से चीन और तुर्की निर्मित हथियारों पर काफी हद तक निर्भर है। भारत में, तुर्की का बहिष्कार करने की मांग बढ़ रही है, जो पहले से ही डंवाडोल उसकी अर्थव्यवस्था के लिए बुरा है। भारत के निजी क्षेत्र ने भी तुर्की से खुद को दूर करना शुरू कर दिया है। प्राइवेट यूनिवर्सिटी से लेकर व्यापारिक कंपनियों ने तुर्की से अपने संबंधों को तोड़ने का ऐलान किया है। इतना ही नहीं, भारत ने तुर्की की कंपनियों की स्क्रूटनी भी शुरू कर दी है, जो देश में संवेदनशील क्षेत्र में काम कर रही हैं। इसी कड़ी में तुर्की की एक कंपनी को मुंबई एयरपोर्ट पर ग्राउंड ऑपरेशन करने से रोक दिया गया है।

**पाकिस्तानी प्रॉपगैंडा को फैलाने की मददः** तुर्की ने सिर्फ हथियारों और सैन्य ऑपरेटरों से ही पाकिस्तान की मदद नहीं की, बल्कि उसके प्रॉपगैंडा को प्रचारित करने के लिए भी अपनी मशीनरी के इस्तेमाल की इजाजत दी। तुर्की की सरकारी और सरकार के प्रभाव वाले प्राइवेट मीडिया ने पाकिस्तान के बिना सिर-पैर के दावों को प्रचारित करना शुरू कर दिया था। इस दौरान तुर्की के मीडिया ने सामान्य बुद्धिमत्ता तक का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने आंख मूंदकर पाकिस्तान के झूठ में साथ दिया। सिर्फ इसलिए, क्योंकि उनके देश का पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध हैं। ऐसे में तुर्की की मीडिया ने जानबूझकर भारत के खिलाफ काम किया।

**एर्दोगन ने भारत को चिढ़ाने की कोशिश कीः** भारत में तुर्की के बहिष्कार की बढ़ती आवाज के बाद रेसेप तैयप एर्दोगन ने उकसावे की कार्रवाई की। उन्होंने हाल में ही एक ट्वीट किया, जिसमें लिखा, 'पाकिस्तान-तुर्की दोस्ती अमर रहे।' पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के संदेश का जवाब देते हुए एर्दोगान ने कहा, 'अतीत की तरह, हम भविष्य में भी अच्छे और बुरे समय में आपके साथ खड़े रहेंगे।' एर्दोगन के इस ट्वीट को भारत को उकसाने के लिए किए गए कार्य के रूप में देखा गया। हालांकि, एर्दोगन यह जानते हैं कि पाकिस्तान से दोस्ती में तुर्की का कोई फायदा नहीं है, जबकि भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने में ही उनकी भलाई है।

**भारत ने एर्दोगन को दिया जोर का झटकाः** भारत ने पाकिस्तान के मददगार तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन को जोर का झटका दिया है। दरअसल केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय हित का हवाला देते हुए भारत भर में नौ प्रमुख हवाई अड्डों पर सेवाएँ संभालने वाली तुर्की की बहुराष्ट्रीय कंपनी सेलेबी एविएशन का लाइसेंस रद्द कर दिया है। अफ़वाहें हैं कि एर्दोआन की बेटी सुमेये की इस फ़र्म में हिस्सेदारी है। बस इतना ही नहीं। उनकी शादी सेल्कुक बायरकटर से हुई है, जो बायकर के चेयरमैन हैं। यह वह कंपनी है जो पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन बनाती है।

**एर्दोगन क्यों कर रहे पाकिस्तान की मददः** तुर्की में एर्दोगन की छवि एक तानाशाह और कट्टरपंथी नेता की है। वह न सिर्फ तुर्की के लोकतंत्र को कुचल रहे हैं, बल्कि अपने विरोधियों को रास्ते से हटाने के लिए हर हथकंडों को अपना रहे हैं।

## वर्ग पहेली 5736



संकेतः बाएं से दाएं

1. 22 जून 1906 को इस देश ने अपना ध्वज अपनाया (3)
4. प्रतिबिंब, प्रतिरूप, शनिमाता (2)
5. हिमालय पर्वत का एक जंगली बैल जिसकी पूंछ का चमर बनता है (2)
6. शीघ्रता, अतिशीघ्र, आंख झपकते (7)
7. झलाई करना, टांका लगाना (3)
8. यह ईरान की राजधानी है (4)
9. सिलवट, सिकुडन, शक्ति (2)
10. एक नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
11. हैसियत, परत, भूपर्पटी, मानक (2)
12. अलंकृत होना, शोभित होना (3)
13. छुप जाना, भागना, पलायन (3)
14. कमची, चाप, स्प्रिंग, कमान (3)
15. सौत, सहपत्नी, प्रतिकूला (3)
16. पराग के कण, धूल, गर्द (2)
19. प्रेरणा उत्पन्न करने वाला, प्रणोदक, संचलनकर्ता (3)
20. नामधारण करने वाला, नामधारी, नामयुक्त (3)
22. ताश के खेल का एक प्रकार (2)
23. घटना, मुकदमा, संदर्भ (3)

ऊपर से नीचे

1. झाड़ू देना, बुहारना (अंग्रेजी) (2)
2. कश्मीर की प्रसिद्ध झील (2)
3. वह चोरी जो दीवार में बड़ा छेद करके हुई चोरी (5)
4. मुद्रत प्रति, सादृश्य आभास, छापीगिरी (2)
5. हिमालय पर्वत का एक जंगली बैल जिसकी पूंछ का चमर बनता है (2)
7. झलाई करना, टांका लगाना (3)
8. यह ईरान की राजधानी है (4)
11. हैसियत, परत, भूपर्पटी, मानक (2)
12. मिलनसार, लोकप्रिय, लोकप्रेमी (5)
13. वह गद्य या पद्य का लेख जो किसी विजय केसुअवसर पर लिखा जाए (5)
14. महसूल, टैक्स, हाथ, हस्त (2)
17. यह घाना देश की राजधानी है (3)
18. रुक-रुक कर अस्पष्ट उच्चारण करके बोलने वाला वाला (3)
21. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)

### वर्ग पहेली 5735 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | जी | ल | | सा | | र | स |
| ड | | ग | | ग | ज | ब | ल |
| का | नू | न | | | मी | | व |
| स्टिं | | व | क्र | | र | प | ट |
| ग | ज | ट | | फा | | ट | |
| | य | | आ | स | पा | स | |
| शु | द्र | | ब | | र | न | वे |
| र | थ | | रू | स | | | णी |

# नहीं घटी महंगाई

( रमेश तिवारी )

महंगाई को लेकर आंकड़े चिंता कम करने की कोशिश में हैं, लेकिन इकॉनमी के रिश्ते फैले हुए हैं। एक को मनाओ तो दूजा रूठ जाता है। आम आदमी आज भी पूछता है कि महंगाई कहां कम हो रही है अगर कम हो रही होती तो दूध के दाम कम होते, पेट्रोल और डीजल के दाम भी कम होते। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अप्रैल में रिटेल बाजार में महंगाई की दर पिछले करीब 6 साल में सबसे कम है। थोक बाजार में भी ये करीब साल भर के निचले स्तर पर है। पिछले दो साल के दौरान थोक बाजार को लेकर चिंता नहीं रही। या तो वहां दाम घट रहे थे या फिर बेहद मामूली बढ़ोतरी हो रही थी। दूसरी तरफ रिटेल बाजार में महंगाई यह बताती है कि बाजार के सिस्टम में मिडलमैन का क्या रोल है। बहरहाल, पिछले साल सब्जियों की महंगाई 30त्न तक पहुंच गई थी। अब कीमतों में लगभग 11त्न की गिरावट देखी गई। पिछले साल जब महंगाई दर खतरनाक स्तर पर थी, तब आवश्यक खाद्य वस्तुओं के स्टॉक को बढ़ाया गया। इसे खुले बाजार में रिलीज भी किया गया, तब जाकर हालात काबू में दिखे।

महंगाई दर कम होने से पॉलिसी तय करने वालों का भी सिरदर्द कम हुआ है। रिजर्व बैंक चाहता है कि महंगाई दर 2त्न से कम न हो और 6त्न से ज्यादा न हो। वह ब्याज दरों में कमी या बढ़ोतरी कर इसे कंट्रोल करने की कोशिश करता है। हाल में महंगाई कम होती देख रिजर्व बैंक ने लगातार दो बार ब्याज दरों में कटौती की थी। अब जून और अगस्त में फिर से ब्याज दरों में कटौती करने का माहौल बन रहा है। हालांकि इससे पहले जीडीपी ग्रोथ का डेटा देखना होगा, जो इस महीने के अंत में जारी होगा। ब्याज दरों में कटौती से उम्मीद बंधती है कि इससे आम लोगों के हाथ में पैसा आएगा। बाजार में खपत बढ़ेगी। लेकिन आम घरों में कर्ज की ऊंची दर ने हाथ बांध दिए हैं। कॉरपोरेट कमाई के जो ताजा आंकड़े आए हैं, वे दबाव में ही दिखते हैं। कंपनियां अब भी कच्चे माल के दाम ऊंचे बता रही हैं। दूध के दाम लगातार बढ़े हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की खपत में पिछले कुछ समय के दौरान बेहतरी तो देखी गई, लेकिन शहरी क्षेत्रों के लोग सतर्क रुख अपना रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में आगे खपत कैसी रहेगी, इसमें मॉनसून का बड़ा रोल होगा। इस साल मॉनसून की अच्छी बारिश की उम्मीद है। शहरी क्षेत्रों के लिए उम्मीद है कि टैक्स के मोर्चे पर जो राहत दी गई है, उसका आने वाले महीनों के दौरान असर दिखेगा। आठवें वेतन आयोग पर अमल से भी खपत बढ़ने की उम्मीद है। पेट्रोल और डीजल के दाम घटाकर भी आम लोगों को राहत दी जा सकती है। कच्चे तेल के दाम घटने के बावजूद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती नहीं हुई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां इसके लिए तैयार नहीं हैं। कच्चे तेल का दाम कम होने पर सरकार ने हाल ही में पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी भी बढ़ा दी थी, ताकि कुछ कमाई की जा सके। पिछले तीन वर्षों में ईंधन की कीमतों में बदलाव लगभग नहीं के बराबर है, जबकि इस अवधि में कच्चे तेल की कीमतों में 42 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज ग्रहों के शुभ योग बने हैं और आपको लाभ भरपूर मात्रा में प्राप्त होगा। इससे प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना बन रही है और आपकी तरक्की होगी। व्यापार में बड़े अनुबंध या सरकारी टेंडर की प्राप्ति हो सकती है। उच्च अधिकारी वर्ग का सहयोग आपकी छवि को मजबूती देगा। आर्थिक दृष्टि से रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है, विशेषकर यदि आपने पहले किसी को उधार दिया हो या कोई पेमेंट अटका हो।

### वृष

आज दिन भाग्य के द्वार खोलेगा। विशेषकर यदि आप उच्च शिक्षा, विदेश यात्रा या सरकारी क्षेत्र में कार्यरत हैं। कोई महत्वपूर्ण सूचना करियर की दिशा बदल सकती है। धन लाभ के योग हैं, परंतु चिकित्सा या परिजनों की देखरेख में खर्च की अधिकता भी बनी रहेगी। निवेशकों और वित्तीय सलाहकारों के लिए समय अच्छा है।

### मिथुन

आज लाभ के योग हैं और आपको तरक्की के साथ कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। शेयर बाजार में निवेश करने से बचें, वरना पैसा डूब सकता है। कार्यस्थल पर नियोजित योजनाओं में बाधा आ सकती है, विशेषकर यदि आप टीम प्रबंधन या रिसर्च कार्यों से जुड़े हैं।

### कर्क

आज दिन लाभ से भरा होगा। साझेदारी के व्यापार या कंसल्टेंसी क्षेत्र में विशेष लाभ होगा। जो लोग अपने व्यवसाय को विस्तार देना चाहते हैं उन्हें साझेदारों से अच्छा सहयोग मिलेगा। कॉर्पोरेट क्षेत्र में कार्यरत जातकों को किसी बड़े प्रॉजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है।

### सिंह

आज भाग्य का साथ मिल रहा है और आपके सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे। किसी उच्च अधिकारी की कृपा या बड़े ग्राहक से लाभ की संभावना है। आपको कोई नई नौकरी या इंटरव्यू का सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। जो लोग व्यवसाय में हैं उन्हें निर्यात, धार्मिक वस्तुओं या कानूनी परामर्श से जुड़ी योजनाओं से लाभ होगा।

### कन्या

आज करियर में तनाव और जिम्मेदारियां अधिक रहेंगी, विशेषकर यदि आप स्वास्थ्य, शिक्षा या सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं। मानसिक थकावट और संतान से जुड़ी चिंता कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है, परन्तु दिन के उत्तरार्ध में आर्थिक लाभ की अच्छी संभावना बन रही है।

### तुला

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए आकस्मिक आर्थिक लाभ के संकेत मिल रहे हैं। आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी और आपको तरक्की हासिल होगी। सरकारी कर्मचारी अथवा प्रशासनिक क्षेत्र के लोगों को कोई पदोन्नति या पुरस्कार मिल सकता है।

### वृश्चिक

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको ऑफिस में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। इससे कार्यभार बढ़ सकता है, किन्तु उसके साथ आर्थिक लाभ भी सुनिश्चित रहेगा। संतान की बीमारी या शैक्षणिक विफलता से थोड़ी चिंता बनी रह सकती है।

### धनु

आज करियर में सफलता मिलेगी और भाग्य आपका साथ देगा। ऑफिस में आपकी योग्यता और समर्पण की सराहना होगी, जिससे आपको कोई नई जिम्मेदारी या बोनस प्राप्त हो सकता है। व्यापार में प्रतिद्वंद्विता को पीछे छोड़ते हुए आप कोई बड़ा अनुबंध प्राप्त कर सकते हैं। आय के स्रोत बढ़ेंगे।

### मकर

आज दिन मिलाजुला रहेगा और ऑफिस में सहकर्मियों या भाई-बहनों के साथ मतभेद हो सकते हैं, जो आपके कार्य में बाधा उत्पन्न करेंगे। फिर भी आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनी रहेगी, विशेषकर यदि आप किसी स्थायी आय स्रोत जैसे किराया, लाभांश या सरकारी सेवा से जुड़े हैं।

### कुंभ

आज भाग्य साथ देर रहा है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्य की सराहना होगी, जिससे आपको नई परियोजनाओं में भूमिका मिल सकती है। व्यवसाय में प्रतिदिन लाभ की स्थिति बनी रहेगी, परंतु साझेदारों या कर्मचारियों से मतभेद हो सकते हैं। तकनीकी, इलेक्ट्रॉनिक्स या डिजिटल सेवाओं से जुड़े लोगों को आर्थिक उन्नति का अवसर मिलेगा।

### मीन

आज दिन सफलता से भरा होगा। धन लाभ के अच्छे योग हैं, विशेषकर यदि आप आयकर, बैंकिंग, बीमा या प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए कार्यक्षमता के आधार पर पदोन्नति या वेतन वृद्धि संभव है। ऑफिस में आपके अधिकार और दायित्व बढ़ सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हैदरबाद को दहलाने की कोशिश कर रहे थे आईएसआईएस के आतंकी, पकड़े गए रहमान और समीर



**हैदरबाद, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश पुलिस और तेलंगाना पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के तहत हैदराबाद में धमाके की योजना बना रहे आतंकियों की साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस कि संयुक्ति टीम ने दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि विजयनगरम के सिराज उर रहमान (29) को एक गुप्त सूचना के आधार पर हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान रहमान के परिसर से अमोनिया, सल्फर और एल्युमीनियम पाउडर सहित विस्फोटक जब्त किए गए। पुलिस ने बताया, 'जांच के दौरान रहमान द्वारा किये गए खुलासे के आधार पर हैदराबाद से एक अन्य व्यक्ति सैयद समीर (28) को हिरासत में लिया गया।' इन लिंक आईएसआईए के मॉड्यूल से बताया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी हिरासत में हैं और उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग और सतर्कता बरतने का आग्रह किया। पहलगाम हमले के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। एनआईए ने शुक्रवार को पंजाब के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। पंजाब पुलिस गैंगस्टर हैप्पी से जुड़े ठिकानों की तलाशी ले रही थी। हैप्पी का लिंक पाकिस्तान में खालिस्तानी आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंडा से हैं। हैप्पी पर पंजाब में कई ग्रेनेड अटैक करवाने का भी आरोप है। एनआईए ने मुंबई में आईएसआईएस के स्लीपर मॉड्यूल के दो फरार सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है।

### संभल हिंसा में शामिल एक और गिरफ्तार, अब तक 84 आरोपियों को जेल भेज चुकी पुलिस

**संभल, एजेंसी।** यूपी के संभल में सदर कोतवाली पुलिस ने हिंसा में शामिल एक और आरोपी को रविवार सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बीते वर्ष शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में शामिल था और भीड़ में शामिल होकर पुलिस टीम पर पथराव किया था। आरोपी के न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीते वर्ष शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हिंसा हुई थी। जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अफसरों समेत 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे और चार युवकों की मौत हुई थी। पुलिस भीड़ का हिस्सा बनकर पथराव और फायरिंग करने के मामले में 84 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अन्य आरोपियों की फोटो और वीडियो के आधार पर पहचान कराकर उन्हें पकड़ने के प्रयास में पुलिस जुटी है। हिंसा मामले में वांछित आरोपी शेर मोहम्मद निवासी कोट गर्वी ने भी भीड़ का हिस्सा बनकर हिंसा के दौरान पुलिस टीम पर पथराव किया था। आरोपी के न्यायालय से वारंट भी जारी हो चुके हैं। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अमरीश कुमार ने बताया कि शेर मोहम्मद को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### गुरुग्राम में सड़कों के किनारे कब्जा करने वालों की खैर नहीं, इस इलाके में चलेगा बुलडोजर

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में बड़े पैमाने पर सड़कों किनारे किए गए अतिक्रमण की शिकायतें मिलने पर प्रशासन ऐक्शन मोड में नजर आ रहा है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) और गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) ने इस मुद्दे को हल करने के लिए संयुक्त प्रयास किए हैं। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) और गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) ने शहर में जहां भी अतिक्रमण है उसे जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए हैं। डीटीपी जीएमडीए आरएस बाठ के नेतृत्व में नगर निगम और जीएमडीए दोनों की इनफोर्समेंट टीमों ने हाल ही में बादशाहपुर चौक पर दो अभियान चलाए थे, जो कि मुख्य रूप से अतिक्रमण वाला क्षेत्र था। 500 मीटर के क्षेत्र में लगभग 50 अवैध रेहड़ियां हटाई गई और फुटपाथों को, जो पूरी तरह से दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किए गए थे, पैदल चलने वालों के लाभ के लिए साफ किया गया। इसके अतिरिक्त, पार्किंग क्षेत्र को भी बढ़ाया गया क्योंकि विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से जगह पर कब्जा कर लिया गया था। अभियान से पहले, दोनों टीमों द्वारा तीन निरीक्षण दौरे किए गए और सभी दोषियों को उनके अवैध ढांचे और अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी जारी की गई। बादशाहपुर चौक पर प्रवर्तन प्रभागों द्वारा किए गए प्रयासों की लोगों ने बहुत सराहना की, जिन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण मार्ग पर यात्रा का समय 30 मिनट से घटकर 10 मिनट रह गया है। नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुरोधों पर, जीएमडीए और एमसीजी टीमों ने डीटीपी जीएमडीए सह गुरुग्राम में अतिक्रमण के लिए नोडल अधिकारी के नेतृत्व में बादशाहपुर से भोंडसी सोहना तक चार किलोमीटर के क्षेत्र का दौरा किया और पाया कि फुटपाथों पर अवैध शेड, विज्ञापन बोर्ड, निर्माण सामग्री की दुकानें, फर्नीचर की दुकानें, अनधिकृत रेस्तरां एक्सटेंशन विकसित किए गए थे।

# विदेश जाने वाली टीम के लिए कांग्रेस से कोई नाम नहीं मांगे थे, सरकार की दो टूक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कांग्रेस के उस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है जिसमें दावा किया गया था कि सरकार ने विपक्षी पार्टी से विदेशी दौरों के लिए चार सांसदों के नाम मांगे और फिर उनमें से तीन को खारिज कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इस मिशन की जानकारी सिर्फ शिष्टाचारवश दी गई थी, न कि औपचारिक प्रक्रिया के तहत।

**हमने शिष्टाचार के तहत सूचित किया- रिजिजू :** टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में रिजिजू ने कहा, कभी भी यह प्रथा नहीं रही है कि विपक्षी पार्टियों से उनके नाम मांगे जाएं। हमने उन्हें केवल शिष्टाचार के तहत सूचित किया। गौरतलब है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश लेकर सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश जाएंगे, जिनमें से चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ दलों के नेता जबकि तीन की अगुवाई विपक्षी दलों के नेता करेंगे। कांग्रेस के चार सांसद इन टीमों का हिस्सा हैं और केरल के सांसद शशि थरूर एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

कांग्रेस द्वारा अपने सुझावों की उपेक्षा को लेकर जताई गई नाराजगी पर जवाब देते हुए रिजिजू ने कहा कि सरकार ने उन्हीं लोगों को चुना जो मिशन के लिए सबसे उपयुक्त थे। उन्होंने कहा, हमें हैरानी हो रही है कि कांग्रेस शशि थरूर और मनीष तिवारी जैसे नेताओं के नामों पर सवाल उठा रही है। दोनों विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विपक्ष की तरफ से प्रभावी आवाज रहे हैं और अभी एक साल भी नहीं हुआ जब कांग्रेस ने खुद थरूर को विदेशी मामलों की स्थायी समिति का अध्यक्ष बनाया था।

**योग्यता के आधार पर चयन किया- मंत्री :** कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि थरूर और तिवारी को इसलिए चुना गया ताकि पार्टी नेतृत्व को नीचा दिखाया जा सके। इस पर रिजिजू ने कहा, यह केवल एक झूठा संकेत है। हमने किसी पार्टी की आंतरिक राजनीति, असुरक्षा या ईर्ष्या के आधार पर नहीं, बल्कि योग्यता के आधार पर चयन किया है। हमने सलमान खुर्शीद और अमर सिंह (पंजाब के कांग्रेस सांसद) को भी चुना है, अब इस पर क्या कहेंगे? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस चयन प्रक्रिया की आलोचना करते हुए कहा था, यह मोदी सरकार की पूर्ण असंवेदनशीलता और उसकी वह सस्ती राजनीति दर्शाता है जो वह हमेशा राष्ट्रीय मुद्दों पर खेलती है। कांग्रेस का मानना है कि थरूर को इसलिए चुना गया क्योंकि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर पार्टी लाइन से हटकर बयान दिया था। जब कांग्रेस इस मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की भूमिका को निशाने पर ले रही थी, तब थरूर ने कहा था कि वे इस ऑपरेशन पर एक गर्वित भारतीय के तौर पर बोल रहे हैं। ऐसे में राहुल गांधी ने अपने प्रस्तावित नामों की सूची से थरूर को हटा दिया था। राहुल की सूची में गौरव गोगोई, आनंद शर्मा, राजा वड़िंग और सैयद नसीर हुसैन शामिल थे, जिनमें से केवल आनंद शर्मा के नाम को ही स्वीकार किया गया। भाजपा प्रवक्ता अमित मालवीय ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि सैयद नसीर हुसैन के समर्थन में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के आरोप में तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। उन्होंने कांग्रेस के अन्य नामित गौरव गोगोई पर भी सवाल उठाया कि वे 15 दिन पाकिस्तान में बिता चुके हैं और उनकी पत्नी एक ऐसे इलहू से जुड़ी हैं जो पाकिस्तान केंद्रित है।

## मुंबई-गोवा हाईवे पर जगबुडी नदी में गिरी कार, 5 लोगों की मौत



**रत्नागिरी , एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुंबई-गोवा हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक कार जगबुडी नदी में गिर गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और ड्राइवर घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग मुंबई के मिरा रोड से रत्नागिरी के देवरुख में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी कार चालक का मुंबई-गोवा हाईवे पर जगबुडी नदी के पास नियंत्रण बिगड़ गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इससे पहले, 28 अप्रैल को महाराष्ट्र के भंडारा में एक सड़क हादसा सामने आया था, जहां चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था।

यह भीषण दुर्घटना मुंबई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भंडारा शहर के निकट बेला गांव में हुई थी। एक बोलेरो गाड़ी रायपुर से नागपुर की ओर जा रही थी। जब गाड़ी बेला गांव के पास पहुंची, तभी नागपुर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के समय गाड़ी में पांच लोग सवार थे, जिनमें से चार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। बीते दिनों महाराष्ट्र में हादसों में कई दुर्घटनाएं सामने आई हैं। 18 अप्रैल को भी मुंबई के चेंबूर इलाके में बीएमसी का कचरा ट्रक ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर पलट गया था। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई थी।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां में हथियार और गोला-बारूद के साथ आतंकी गतिविधियों से जुड़े दो लोग को गिरफ्तार किया गया

**श्रीनगर , एजेंसी।** जम्मू एवं कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकी गतिविधियों से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। शोपियां जिले की पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया, आतंकवाद के खिलाफ एक उल्लेखनीय अभियान में एसओजी शोपियां, सीआरपीएफ 178 बीएन और 34 आरआर के संयुक्त टीम ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उनकी तलाशी लेने पर 4 हथगोले, 2 पिस्तौल, 43 जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। दोनों के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की गई। संयुक्त बलों ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादियों, उनके ओवरग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) और उनके समर्थकों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है।

ये ऑपरेशन सेना, पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जाते हैं। पिछले सप्ताह शोपियां और पुलवामा जिलों में दो लगातार अभियानों में छह आतंकवादी मारे गए थे। मारे गए आतंकवादियों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का ऑपरेशनल कमांडर भी शामिल था। 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने पहलगाम में एक स्थानीय नागरिक सहित 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी।

# छत्तीसगढ़ के इस नक्सल प्रभावित गांव में खुला पशुओं का अस्पताल, 12000 जानवरों का होगा इलाज




**सीतागांव, एजेंसी।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों ने छत्तीसगढ़ के नक्सल हिंसा प्रभावित एक दूरदराज के इलाके में पशुओं के लिए पहली बार एक फील्ड अस्पताल खोला है। यह मुफ्त चिकित्सा सुविधा महाराष्ट्र की सीमा से लगे मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव गाँव में स्थित है,जो छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 150 किलोमीटर दूर है। यह पहल केंद्र सरकार की मार्च 2026 तक नक्सल हिंसा को खत्म करने और स्थानीय लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में शामिल करने की योजना का हिस्सा है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 27वीं बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर विवेक कुमार पांडे की ओर से किए शनिवार को इसके उद्घाटन के बाद बड़ी संख्या में लोग अपनी मुर्गियों,गायों और यहां तक कि कुत्तों जैसे पशुओं के साथ इस सुविधा पर पहुंचे। अधिकारियों ने पीटीआई को बताया कि यह फील्ड अस्पताल सीतागांव के आसपास के 20 गांवों के लगभग 12,000 पशुओं की देखभाल करेगा। ये जानवर कई ग्रामीणों के लिए आय का एक प्रमुख स्रोत हैं। आईटीबीपी इस जिले में नक्सल विरोधी अभियानों को चलाने के लिए तैनात है और इसके पशु चिकित्सा डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ फील्ड अस्पताल में पशुओं की मुफ्त में नियमित जांच और इलाज करेंगे। इलाके में पशुओं के लिए एक बुनियादी अस्पताल खोलने का विचार आईटीबीपी को एक सरकारी सर्वेक्षण के बाद आया,जिसमें पाया गया कि सीतागाँव के आसपास के 20 गांवों में 5,490 मुर्गी, 3,550 बकरियां, 1,855 गाय और बैल, 815 सूअर और 640 कुत्ते हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बड़ी संख्या में पशुओं का पालन-पोषण किया जाता है और यह न केवल कई ग्रामीणों के लिए आजीविका का साधन है,बल्कि स्थानीय लोगों के लिए जीवन का एक तरीका भी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग भी है, ने 16 मई को सैनिकों के साथ बातचीत करने के लिए सीतागांव आईटीबीपी शिविर का दौरा किया। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इनमें से कई जानवर इसलिए मर गए क्योंकि स्वास्थ्य सुविधा और डॉक्टरों की कमी के कारण उन्हें समय पर इलाज नहीं मिल सका।

इसके परिणामस्वरूप आईटीबीपी,जिसके पास एक पशु चिकित्सा विंग है,ने जानवरों के लिए एक स्वास्थ्य सुविधा शुरू करने की योजना बनाई,जिससे उनके मालिकों को भी मदद मिलेगी। अस्पताल में बड़े जानवरों को रखने के लिए एक बाड़ा,एक दवा और प्रक्रिया कक्ष और एक पंजीकरण डेस्क है।

# पाकिस्तान से तनाव के बीच इंडोनेशिया ने की भारत की मदद, सौंपे 2 आतंकी





**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते सप्ताह इस्लामिक स्टेट के दो आतंकियों अब्दुल्ला फयाज और ताल्हा खान को एनआईए ने मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। इन दोनों आतंकियों की गिरफ्तारी से पता चला है कि वे भारत में हमले की साजिशें रच रहे थे और इस्लामिक स्टेट के स्लीपर सेल के तौर पर ऐक्टिव थे। इन्हें मुंबई में अनायास ही नहीं धर दबोचा गया बल्कि इंडोनेशिया से प्रत्यर्पण के बाद इन्हें लाया गया था। इस पूरे मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने यह बताया है। ये दोनों लोग महाराष्ट्र से ही इस्लामिक स्टेट के स्लीपर सेल के तौर पर ऐक्टिव थे और फिर इंडोनेशिया भाग गए थे। दुनिया की सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में इन्होंने पनाह ले रखी थी, लेकिन भारतीय एजेंसियों की सक्रियता से ये फंस गए। इसके अलावा इंडोनेशिया ने भी आतंकवाद से लड़ाई में साथ देने का वादा भारत से निभाया। इंडोनेशिया की ओर से यह बड़ी मदद ऐसे समय में की गई है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव चल रहा है। यही नहीं कुछ दिनों तक तो युद्ध जैसे हालात बने रहे। पहलगाम आतंकी हमले की भी इंडोनेशिया ने निंदा की थी और आतंक से निपटने में भारत के साथ चलने का संकल्प जताया था। इंडोनेशिया ने उसी वादे पर अमल करते हुए दो आतंकवादी सौंपे हैं। उसने इस्लामिक सहयोग संगठन में भी भारत का पक्ष रखा था। बता दें कि इंडोनेशिया के साथ भारत के पुराने रिश्ते रहे हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक तौर पर भी इंडोनेशिया खुद को भारतीय संस्कृति का अनुयायी बताता रहा है। यहां तक कि इसी साल जनवरी में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो गणतंत्र दिवस परेड में मेहमान के तौर पर आए थे। उनका भारत के बाद पाकिस्तान जाने का भी प्लान था। इस पर भारत ने ऐतराज जताया तो उन्होंने पाकिस्तान जाने का प्लान टाल दिया था। फिर वह भारत में ही ज्यादा दिनों तक रुके रहे। वह भारत में तय कार्यक्रम से भी ज्यादा समय तक रुके रहे।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में यूपी का व्यापारी गिरफ्तार



**लखनऊ, एजेंसी।** जासूसी के आरोप में गिरफ्तारी हुई हरियाणा की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा के बाद अब उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए जासूसी करने के आरोप में रामपुर से एक व्यवसायी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शहजाद के रूप में हुई है। उसे एसटीएफ की ओर से पाकिस्तान के लिए सीमा पार तस्करी और जासूसी गतिविधियों में शामिल होने की खुफिया जानकारी के आधार पर मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, शहजाद पाकिस्तान में अपने आकाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा था। एसटीएफ ने एक बयान में कहा कि शहजाद हाल के वर्षों में व्यापार के बहाने कई बार पाकिस्तान गया था। वह कथित तौर पर सीमा पार से कॉस्मेटिक का सामान, कपड़े, मसाले और अन्य सामान की तस्करी में लिप्त था। एजेंसी ने खुलासा किया कि शहजाद अवैध व्यापार की आड़ में आईएसआई के गुप्त अभियानों के लिए काम करता था। आगे की जांच से पता चला कि शहजाद ने न केवल पाकिस्तानी एजेंटों के साथ रणनीतिक जानकारी साझा की, बल्कि भारत में उनके संचालन को सुविधाजनक बनाने में भी भूमिका निभाई। एसटीएफ के अनुसार, वह भारत में सक्रिय आईएसआई एजेंटों को भारतीय सिम कार्ड और पैसा मुहैया कराता था। अधिकारियों को यह भी पता चला कि शहजाद रामपुर और उत्तर प्रदेश के अन्य इलाकों से लोगों को आईएसआई के लिए काम करने के लिए पाकिस्तान भेजने का काम करता था। इन लोगों के लिए वीजा की व्यवस्था आईएसआई एजेंटों द्वारा की जाती थी। शहजाद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 148 और 152 के तहत पुलिस स्टेशन एटीएस, लखनऊ में एक एफआईआर (संख्या 04/25) दर्ज की गई। बता दें कि शहजाद से पहले हरियाणा की ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# डीएनए विवाद ने तूल पकड़ा, ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव के नाम की लंबी पोस्ट; बहुत कुछ लिख दिया






**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच छिड़ा डीएनए विवाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया एक्स हैंडल से हुई पोस्ट को लेकर रविवार को ब्रजेश पाठक और अखिलेश यादव ने एक-दूसरे को नसीहत दी थी। इस मामले में अखिलेश यादव, सपा के प्रदेश अध्यक्ष और सपा के मीडिया सेल को भी नोटिस भेजा गया है। वहीं सोमवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एक लंबी पोस्ट लिखकर समाजवादी पार्टी की राजनीतिक सोच और कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इसमें ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर जातिवाद, तुष्टीकरण और समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया है। ब्रजेश पाठक ने लिखा- 'अखिलेश यादव जी, आप डीएनए के सवाल पर बहुत भड़के हुए हैं। मैने ये कह क्या दिया कि समाजवादी पार्टी के डीएनए में ख़राबी है, आप आपे से उसी तरह बाहर हो गए जैसे दस साल पहले यूपी की सत्ता से बाहर हो गए थे। आप इस बात को समझिए कि डीएनए में खराबी से हमारा मतलब किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि आपकी पार्टी की राजनीतिक सोच से है। डीएनए में खराबी का मतलब ये है कि आपकी पार्टी की राजनीति की बुनियाद ही जातिवाद और तुष्टीकरण पर टिकी रही है और आज भी टिकी हुई है। समाजवादी पार्टी ने कभी सबका साथ-सबका विकास की बात की ही नहीं। आपकी प्राथमिकता ही हमेशा वोटबैंक की राजनीति रही है, नीतियों और आदर्शों से आपका दूर दूर तक का लेना देना नहीं रहा है।'

डिप्टी सीएम ने आगे लिखा, 'मैं आपकी पार्टी के डीएनए में खराबी के मसले को और खुलकर समझा देता हूं। दरअसल मुस्लिम तुष्टिकरण ही आपकी राजनीति का केन्द्रीय हिस्सा रहा है। आप किसी भी राजनीति विज्ञानी से बात कर लें। वो आपको समझा देगा कि आपकी पार्टी का जन्म ही मुस्लिम तुष्टीकरण के डीएनए के साथ हुआ है और आपकी पूरी की पूरी राजनीति की दाल-रोटी भी यही है। वो चाहे शिक्षा नीति हो, नियुक्तियाँ हों या कानून-व्यवस्था के सवाल, आपकी सरकारों ने बार-बार एक ही वर्ग विशेष को खुश करने के लिए बाकी समाज की अनदेखी की है। इससे समाज में विभाजन और अविश्वास की खाई और गहरी हुई है। आपने तो बतौर मुख्यमंत्री अपने सिगनेचर से आतंकियों से जुड़े 14 केस एक साथ वापिस लिए हैं ताकि आपकी पार्टी के मुस्लिम तुष्टीकरण वाले डीएनए को खाद पानी मिलता रहे। ऐसे में मैं अच्छी तरह समझा सकता हूं कि डीएनए पर सवाल उठाने से आप इतने तिलमिलाए क्यों हैं। आपको इतना दर्द क्यों हैं।'

पत्र में डिप्टी सीएम सपा पर आरोपों की बौछार करते हुए लिखा- 'आपकी पार्टी का डीएनए तो दलितों के भी खिलाफ रहा है। समाजवादी पार्टी के शासनकाल में बार-बार देखा गया कि दलितों के अधिकारों को कुचला गया, उन्हें राजनीतिक रूप से हाशिए पर रखा गया, और उनके साथ अन्याय की घटनाओं में वृद्धि हुई। यह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी राजनीतिक मानसिकता को दर्शाता है।

# IPL 2025 में जमकर चला गिल का बल्ला, विराट कोहली का तोड़ दिया ये बड़ा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 60वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन कर क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया। गिल ने 53 गेंदों में नाबाद 93 रनों की शानदार पारी खेलकर न केवल अपनी टीम को 10 विकेट से शानदार जीत दिलाई, बल्कि टी 20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इस पारी के साथ गिल ने दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए टी 20 क्रिकेट में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में दूसरा स्थान हासिल किया।

### गिल ने कोहली को छोड़ा पीछे

शुभमन गिल ने टी-20 क्रिकेट में 5000 रन सिर्फ 154 पारियों में पूरे किए, जबकि विराट कोहली को इस मुकाम तक पहुंचने में 167 पारियां लगी थीं। गिल अब भारत के लिए ञ्20 में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में केएल राहुल (143 पारियां) के बाद दूसरे नंबर पर हैं। भारतीय बल्लेबाजों में सुरेश रैना (173 पारियां) इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

टी-20 में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले बल्लेबाज
क्रिस गेल- 132 पारियां
केएल राहुल- 143 पारियां
शॉन माश- 144 पारियां
डेवोन कॉनवे- 144 पारियां
बाबर आजम- 145 पारियां
शुभमन गिल- 154 पारियां

वैश्विक स्तर पर गिल टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले छठे बल्लेबाज बने हैं। वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल 132 पारियों के साथ इस सूची में शीर्ष पर हैं।

### दिल्ली के खिलाफ गिल का जलवा

मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल के शानदार शतक की बदौलत 20 ओवर में 3 विकेट पर 199 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में गुजरात टाइटंस की ओर से शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। सुदर्शन ने 108 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि गिल ने 93 रन बनाए। दोनों ने मिलकर बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य को हासिल कर लिया और गुजरात को 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस जीत के साथ गुजरात टाइटंस ने आईपीए 2025 के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली।

### क्यों हैं गिल कोहली के उत्तराधिकारी?

शुभमन गिल को लंबे समय से विराट कोहली का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। उनकी तकनीक, दबाव में शांत रहने की क्षमता और लगातार रन बनाने की काबिलियत उन्हें खास बनाती है। इस रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि गिल न केवल मौजूदा दौर के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं, बल्कि भविष्य में भारतीय क्रिकेट के बड़े सितारे बनने की पूरी क्षमता रखते हैं।

# इंग्लैंड दौरे से पहले सख्त डाइट और ट्रेनिंग पर सरफराज खान,



## वजन में की भारी कटौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान ने खूब पसीना बहा रहे हैं और जमकर मेहनत कर रहे हैं। सरफराज फिट होने की राह पर हैं और सख्त डाइट प्लान के जरिए उन्होंने 10 किलो वजन भी घटाया है। एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी साझा की गई है। पिछले साल 2024 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले सरफराज ने एक भी विदेशी टेस्ट मैच नहीं खेला है। बल्लेबाज को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों के लिए इंडिया ए टीम में चुना गया है। इस बार उन्हें भी टीम में मौका मिले इसके लिए वह अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं क्योंकि यही एक चीज में जिसे लेकर उन्हें अकसर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। भारत ए को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच (30 मई-2 जून को कैंटरबरी में और 6-9 जून को नॉर्थम्प्टन में) और सीनियर इंडिया टेस्ट टीम के खिलाफ एक इंट्रा-स्क्वाड मैच (13-16 जून को बेकेनहैम में) खेलना है।



# केएल राहुल लोगों की अपेक्षा कहीं बेहतर खिलाड़ी हैं:मूडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज टॉम मूडी ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को उनकी वास्तविक क्षमता का पूरा श्रेय नहीं दिया गया है। उन्होंने रविवार को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ नाबाद 112 रनों की पारी खेलकर दिल्ली कैपिटल्स को बल्लेबाजी क्रम के पतन से बचाया था। दिल्ली की शुरुआत खराब रही और पहले पांच ओवरों में 1 विकेट पर 28 रन ही बना सकी। लेकिन राहुल की शानदार बल्लेबाजी ने उन्हें लगभग 200 रन के आंकड़े तक पहुंचा दिया। हालांकि साई सुदर्शन (नाबाद 108) और शुभमन गिल (नाबाद 93) ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर गुजरात टाइटन्स के लिए प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। राहुल ने 60 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 172.30 के स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाकर नाबाद रहे। आईपीएल 2025 में वह 148.04 की स्ट्राइक रेट से 12 पारियों में 493 रन बना चुके हैं। आईपीएल 2018 के बाद से यह उनका सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है, जब उन्होंने 14 मैचों में 158.41 की दर से 659 रन बनाए थे। मूडी ने पर कहा, मुझे हमेशा केएल राहुल के बारे में आलोचना काफी असाधारण लगती है। मुझे लगता है कि वह बहुत से लोगों की तुलना में बहुत बेहतर खिलाड़ी हैं। और जिस तरह से मैं इस पारी को देखता हूं, मुझे लगता है कि यह एक शानदार पारी है। उन्होंने कहा, और हां, देखिए यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन मैच जीतता है, आप जानते हैं, वह प्लेयर ऑफ द मैच है या नहीं। लेकिन जिस तरह से मैं इसे और बैटिंग कार्ड को देखता हूं, जो उन्हें निराश करता है और 220 तक नहीं पहुंच पाते है, वह है अन्य बल्लेबाज जो केवल 150 पर ही आउट हो गए। (बल्लेबाज़ी के अनुकूल) सतह पर, आप प्रभाव चाहते हैं।

उन्होंने कहा, जब आपके पास कोई ऐसा खिलाड़ी होता है जो एंकरिंग करता है, जो कुल स्कोर बनाता है, तो जब आप आते हैं तो आपकी भूमिका खेल को प्रभावित करना होती है, दस गेंदों पर 30 रन, उस तरह की पारी, जो आपको अचानक 220 तक ले जाती है। एक ही व्यक्ति पर उंगली उठाने के बजाय, मुझे लगता है कि यह इसके विपरीत है। दस ओवर के निशान तक दिल्ली कैपिटल्स 1 विकेट पर 81 रन बना चुकी थी, जिसमें राहुल ने 38 गेंदों पर 56 रन बनाए। हालांकि 15वें और 18वें ओवर के बीच राहुल ने केवल छह गेंदों का सामना किया, जबकि अक्षर पटेल और ट्रिस्टन स्टब्स ने अधिकांश गेंदें खेली। मूडी के अनुसार, इस बदलाव ने कुछ हद तक राहुल की गति को बाधित किया। मूडी ने कहा, टीम के पास 220 तक पहुंचने का अवसर था। टीम ने ऐसा नहीं किया। यह कोई व्यक्तिगत खेल नहीं है। यह एक टीम खेल है। और यहीं पर यह संवाद होता है कि कौन आ रहा है और जब आप मैदान पर होते हैं तो संवाद होता है - ठीक है, हमें इस ओवर की शुरुआत में दो बाउंड्री लगाने का लक्ष्य रखना है; चलो इसे एक बड़ा ओवर बनाते हैं। मूडी ने आगे कहा, मेरे हिसाब से, वे उस बीच (अवधि में) थोड़ा निष्क्रिय रहे।

# श्रेयस अय्यर ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स टीम आईपीएल 2025 प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी है. अय्यर ने पिछले साल अपनी कप्तानी में केकेआर को चैंपियन बनाया था, इस बार वह पंजाब किंग्स की कमान संभाले हुए हैं. इस बार टीम को उम्मीद है कि वे अपना पहला खिताब जीत सकते हैं.

### श्रेयस अय्यर ऐसा करने वाले पहले कप्तान बने

पंजाब किंग्स ने रविवार को अपने लीग स्टेज का 12वां मैच राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेला. पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 219 रन बनाए, जवाब में राजस्थान 209 रन ही बना पाई. पंजाब ने 10 रनों से मुकाबले को जीत लिया. रविवार को ही हुए दूसरे मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली को 10 विकेट से हराया, इसके बाद गुजरात के साथ पंजाब और बेंगलूरु का प्लेऑफ टिकट भी कंफर्म हो गया. श्रेयस अय्यर आईपीएल इतिहास के पहले कप्तान



बन गए हैं, जिन्होंने अपनी कप्तानी में 3 अलग-अलग टीमों को प्लेऑफ में पहुंचाया है. पिछले साल उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स को चैंपियन बनाया. इससे पहले अय्यर ने दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल तक पहुंचाया था. रविवार को हुए मैच से पहले श्रेयस अय्यर की उंगली में चोट लग गई थी, इस कारण वह फील्डिंग नहीं कर पाए थे. हालांकि उन्होंने बल्लेबाजी करते हुए 30 रन बनाए थे. उम्मीद है कि वह प्लेऑफ के मैचों तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे, वैसे अभी टीम को लीग स्टेज के 2 मैच और खेलने हैं. पंजाब किंग्स इस बार शानदार नजर आ रही है, उसने कई करीबी मैच जीते हैं. इसको लेकर पंजाब किंग्स की मालकिन प्रीती जिंटा भी काफी खुश हैं, वह बोल चुकी हैं कि पहले हम जीते हुए मैच हार जाया करते थे लेकिन इस बार हम हारे हुए मैच जीत रहे हैं.

### पंजाब किंग्स की निगाहें अब टॉप 2 पर

अब श्रेयस अय्यर एंड टीम की नजर टॉप 2 पर आने की होगी, क्योंकि उन 2 टीमों को फाइनल खेलने के 2 मौके मिलते हैं जबकि इसके उलट अन्य 2 टीमों को फाइनल में जाने के लिए 2 लगातार मैच जीतने होते हैं. पंजाब के अभी 12 मैचों के बाद 17 अंक हैं, उसका नेट रन रेट 0.389 का है. अगले 2 मैच उसके दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के विरुद्ध है.

# योगी आदित्यनाथ के साथ काम करेंगे टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी वैसे तो इन दिनों आईपीएल खेलने में बिजी हैं. लेकिन, इस बीच उन्हें लेकर एक बड़ी खबर आ रही है. ये खबर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उनके काम करने को लेकर जुड़ी है. दाएं हाथ के अनुभवी भारतीय गेंदबाज ने खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है. शमी ने



अपने इंस्टाग्राम पर बताया कि वो उत्तर प्रदेश के आगे ले जाने की मुहिम का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं. अब सवाल है कि CM योगी आदित्यनाथ का काम क्या है, जिसमें मोहम्मद शमी उनका साथ देने और हाथ बंटाने को लेकर उत्साहित हैं. शमी के इंस्टा पोस्ट से जो पता चलता है, उसके मुताबिक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का जोर एक बेहतर समाज के निर्माण पर है. उन्होंने हर स्तर पर विकास और प्रगति की इच्छा जाहिर की है. CM योगी आदित्यनाथ की उसी मुहिम का हिस्सा अब मोहम्मद शमी भी बनना चाहते हैं. शमी ने कहा हम एक होकर काम करेंगे तो सपनों को साकार कर सकते हैं. मोहम्मद शमी से छ्रूयोगी ने ये बातें तब शेयर की, जब वो उनसे मिलने पहुंचे थे. फिलहाल, तो मोहम्मद शमी आईपीएल 2025 में खेल रहे हैं, जहां वो सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं. मोहम्मद शमी और उनकी नई टीम सनराइजर्स, दोनों के लिए ये सीजन उतना अच्छा रहा नहीं. शमी ने इस सीजन अब तक खेले 9 मैचों में सिर्फ 6 विकेट हासिल किए हैं.

# भारत को हराने के लिए इस अंग्रेज ने दारू से कर ली तौबा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ सीरीज जीतने के लिए इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कड़ी मशक्कत शुरू कर दी है। इसके लिए वह स्व:नियंत्रण पर भी काम कर रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने दारू से तौबा कर लिया है।

दअसल, बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ सीरीज और एशेज के लिए फिट रहने के लिए फिटनेस के रास्ते पर चलना शुरू किया है। इसकी शुरुआत उन्होंने शराब से दूरी बनाकर की है। चोट के कारण बेन स्टोक्स को छोड़ने पड़े हैं कई मुकाबले बेन स्टोक्स ने 'शराब छोड़ दी' ताकि वह इंग्लैंड से खेलने के लिए पूरी तरह से फिट हो सकें। बेन स्टोक्स को लगता है कि पिछली चोटों में उस रात की बड़ी भूमिका हो सकती है, जब उन्होंने साथियों के साथ शराब पी थी। इंग्लैंड के ऑलराउंडर ने दिसंबर 2024 में हैमस्ट्रिंग की सर्जरी कराई थी। अगस्त में 'द हंड्रेड' के दौरान भी उन्हें चोट लगी थी। इस कारण उन्हें श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट से बाहर होना पड़ा।



बाद में पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए भी वह पूरी तरह से फिट नहीं थे। हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट के दौरान उनकी चोट फिर से उभर आई।

### बेन स्टोक्स ने 2 जनवरी से नहीं पी शराब

इंग्लैंड का घरेलू सत्र जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट से शुरू होगा। इसके बाद भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की एक कठिन सीरीज होनी है। इंग्लैंड के घरेलू सत्र का समापन 6 महीने बाद एशेज सीरीज के साथ होता है। बेन स्टोक्स के हवाले से लिखा है कि उन्होंने 2 जनवरी से शराब नहीं पी है.

# आईपीएल में सबसे लंबे खिलाड़ी की एंट्री

## प्लेऑफ में पहुंचते ही आरसीबी ने चला मास्टरस्ट्रोक, बाबर आजम को 5 बार किया है आउट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लो भइया आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में पहुंचे नहीं कि आरसीबी ने चल दिया मास्टर स्ट्रोक. टीम में ले आया उस खिलाड़ी को, जिसकी गिनती दुनिया के सबसे लंबे खिलाड़ियों में होती है. और, जिसका नाम है ब्लेसिंग मुजरबानी. 28 साल के मुजरबानी, जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज हैं और आरसीबी की ओर से आईपीएल 2025 का प्लेऑफ खेलने आए हैं.

आरसीबी ने उन्हें लुंगी एन्गिडी के रिप्लेसमेंट के तौर पर लिया है. ब्लेसिंग मुजरबानी की हाईट 6 फीट 8 इंच बताई जाती है. अब इस हिसाब से ये भी उतने ही लंबे हुए जितने कि मार्को यानसन. उनकी भी लंबाई 6 फीट 8 इंच है. इस तरह से ये दोनों मौजूदा क्रिकेट के दो सबसे लंबे खिलाड़ी हैं. आरसीबी में जिनकी एंट्री है वो ब्लेसिंग मुजरबानी हैं. यानी वो तेज गेंदबाज जिनके आगे क्रिकेट की पिच पर पाकिस्तान के सबसे बड़े बल्लेबाज बाबर आजम के भी पांव



कांपते हैं.

### लुंगी एन्गिडी को रिप्लेस करेंगे मुजरबानी

खैर, मुजरबानी और बाबर आजम का किस्सा हम बताएंगे. पहले जरा ये जान लीजिए कि उन्होंने लुंगी एन्गिडी को रिप्लेस क्यों किया?ऐसा इसलिए क्योंकि डब्ल्यूटीसी फाइनल को देखते हुए साउथ अफ्रीका ने अपने सभी खिलाड़ियों को 26 मई तक आईपीएल से वापस बुलाया है. लुंगी एन्गिडी भी साउथ अफ्रीका के प्रमुख गेंदबाज हैं, जो कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस टीम का अहम चेहरा होंगे. हालांकि लुंगी एन्गिडी आरसीबी के लिए उसका अगला मैच खेलेंगे, जो कि 23 मैच को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बेंगलुरु में है. मतलब ये कि मुजरबानी अगले मैच में आरसीबी के लिए खेलते नहीं दिखेंगे. मगर उसके आगे आखिरी ग्रुप स्टेज मैच और फिर प्लेऑफ में मुजरबानी का फायदा उठा सकती है.

आइए अब आपको बताते हैं कि 6 फीट 8 इंच लंबे ब्लेसिंग मुजरबानी के आगे पाकिस्तान के सबसे बड़े बल्लेबाज बाबर आजम के पांव कैसे कांपते हैं. अभी तक मुजरबानी इंटरनेशनल क्रिकेट में बाबर को 5 बार आउट कर चुके है, जो कि उनके हावी होने का सबसे बड़ा सबूत है. इस दौरान बाबर आजम ने उनके खिलाफ 105 गेंदों में 106 रन 21. 20 की बेहद मामूली औसत से बनाए हैं.

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच BCCI ने PCB को दिया बड़ा झटका

## एशिया कप खेलने से किया इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एशियाई क्रिकेट परिषद के सभी आयोजनों से फिलहाल दूरी बनाने का फैसला किया है।

सूचित किया है कि वह अगले महीने श्रीलंका में होने वाले वुमेंस इमर्जिंग टीमें एशिया कप और सितंबर में होने वाले पुरुष एशिया कप से हट रहा है। इससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को आर्थिक नुकसान हो सकता है। वर्तमान में ACC का नेतृत्व पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी कर रहे हैं, जो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट को अलग-थलग करने की रणनीति का हिस्सा है।



भारतीय टीम उस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकती, जिसका आयोजन एसीसी कर रही हो और जिसका प्रमुख एक पाकिस्तानी मंत्री हो। यह देश की भावना है। हमने एसीसी को मौखिक रूप से वुमेंस इमर्जिंग टीमें एशिया कप से हटने की जानकारी दे दी है, और भविष्य में उनके आयोजनों में हमारी भागीदारी भी फिलहाल रुकी हुई है। हम भारतीय सरकार के साथ लगातार संपर्क में हैं।

### क्या नहीं होगा एशिया कप का आयोजन?

इस रुख से सितंबर में भारत में होने वाले पुरुष एशिया कप पर सवालिया निशान लग गया है। इस टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका की टीमें हिस्सा लेने वाली थीं, लेकिन अब इसे स्थगित किए जाने की संभावना है।

सूत्रों का कहना है कि बीसीसीआई को पता है कि भारत के बिना एशिया कप का आयोजन व्यवहारिक नहीं है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजनों के अधिकांश प्रायोजक भारत से हैं। इसके अलावा, भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बिना एशिया कप प्रसारकों के लिए आकर्षक नहीं होगा, जो इस टूर्नामेंट की वित्तीय सफलता का प्रमुख हिस्सा है।

2024 में एशिया कप के प्रसारण अधिकार सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने अगले आठ वर्षों के लिए 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर में हासिल किए थे। यदि इस बार टूर्नामेंट नहीं होता, तो इस सौदे पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है।

CC के पांच पूर्ण सदस्य- भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान को प्रसारण राजस्व का 15 प्रतिशत हिस्सा मिलता है, जबकि बाकी राशि सहयोगी और संबद्ध सदस्यों में वितरित की जाती है।

### हर मोर्चे पर फिसड्डी साबित हुआ है पाकिस्तान

पिछले साल 2023 में भी एशिया कप भारत-पाकिस्तान स्थिति से प्रभावित हुआ था। पाकिस्तान द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में भारत ने सीमा पार करने से इनकार कर दिया था। बीसीसीआई ने सुनिश्चित किया कि भारत अपने मैच श्रीलंका में खेले। पीसीबी के लिए यह आयोजन निराशाजनक रहा, क्योंकि पाकिस्तान फाइनल में नहीं पहुंच सका और भारत ने कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ खिताबी मुकाबला जीता।

# निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए समन्वित प्रयास करें : उप मुख्यमंत्री

## पीआईयू द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्यों की वृहद समीक्षा की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वास्थ्य विभाग के तहत लोक निर्माण विभाग पीआईयू द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए समन्वित प्रयास करें। निर्माण कार्यों के लिए भूमि उपलब्धता में यदि कठिनाई है तो उसे तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं जिससे निर्माण कार्य में तेजी आ सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सामंजस्य एवं विभागीय सक्रियता की कमी से कार्यों में विलंब पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करना स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री ने मंत्रालय भोपाल में परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पीआईयू)



द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अधोसंरचना विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। भुगतान में विलंब विभागीय उदासीनता - उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किए गए कार्यों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। भुगतान में विलंब से कार्य की गति प्रभावित होती है। विभागीय अधिकारी स्वयं मैदानी निरीक्षण कर कार्यों की सघन मॉनिटरिंग करें तथा 15वें वित्त आयोग और पीएम-अभीम योजना के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, मेडिकल कालेजों में सीट अपग्रेडेशन, सीसीबी सहित सभी अधोसंरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कि बजट का योजनाबद्ध उपयोग सुनिश्चित करें। उपकरण एवं फर्नीचर की खरीदी का कार्य समानांतर रूप से किया जाए। जिससे निर्माण कार्य पूर्ण होने और सेवा प्रदाय में विलम्ब न हो।

बैठक में बताया गया कि मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में यूजी सीट्स अपग्रेडेशन के अंतर्गत भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में मेडिकल कॉलेज में कार्य पूर्ण हो चुके हैं। पीजी सीट्स के अपग्रेडेशन के लिए भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सागर, ग्वालियर और रीवा में निर्माण एवं संसाधन उन्नयन कार्य प्रगतिरत हैं। बैठक में यह जानकारी दी गई कि पीआईयू द्वारा राज्य में वर्तमान में 217 कार्य प्रगतिरत हैं, जिनके लिए 1054 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 24 कार्यों के लिए 283 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, परंतु वे अभी प्रारंभ नहीं हो पाए हैं।

नर्सिंग कॉलेज मंदसौर में बाउंड्री वॉल निर्माण, छिंदवाड़ा में होस्टल और कॉलेज भवन का कार्य, सतना एवं राजगढ़ में लैंड डेवलपमेंट कार्य प्रगतिरत है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 352.5 करोड़ रुपए की मांग प्रस्तुत की गई थी, जिसके विरुद्ध अब तक 40.5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें से 12.81 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है, 52.32 करोड़ रुपए के बिल लंबित हैं। उप मुख्यमंत्री ने मांग अनुसार बजट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त श्री तरुण राठी, संचालक प्रोजेक्ट श्री नीरज कुमार सिंह, एमडी एनएचएम डॉ सलोनी सिडाना, विभागीय वरिष्ठ अधिकारी, पीआईयू के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एमसीयू रीवा परिसर में बेसिक्स ऑफ डिजाइन विषय पर कार्यशाला आयोजित

रीवा। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय रीवा परिसर में विद्यार्थियों को डिजाइनिंग के बेसिक्स पर कार्यशाला का आयोजित की गई।

इस अवसर पर एमसीयू रीवा परिसर के निदेशक डॉ. संदीप भट्ट ने कहा कि कला ही जीवन है और हर व्यक्ति के भीतर कम से कम कोई भी एक कला का होना जरूरी होता है। कलाएँ मानव को इन्सान बनाती हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया और कंप्यूटर विज्ञान के विद्यार्थियों का विजुअल कम्युनिकेशन भी अच्छा होना आवश्यक है । आईटी प्रोफेशन और मीडिया दोनों में ही डिजाइन ग्राफिक्स और विजुअल्स का बहुत महत्व है इसलिए विद्यार्थियों के लिए डिजाइनिंग के बेसिक्स की समझ जरूरी हो जाती है। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय परिसर के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. बृजेंद्र शुक्ल ने कहा कि जैसे एआई ऐप सुगमता के लिए हो सकते है लेकिन उनमें मानवीय सोच और व्यक्ति के व्यक्तिगत विकास के



साथ साथ हमें दूसरी विधाओं में भी कुशल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे कला और संस्कृति वर्चुअल दुनिया के साथ-साथ भौतिक दुनिया को भी अपने साथ लेकर चलती है। उसी तरह व्यक्ति को भी प्रकृति के बारे में पढ़ने के लिए अपने अंदर की कला का विकास करते रहना चाहिए। इस अवसर पर कार्यशाला में कलाविद् श्री ऋषि जैन ने विद्यार्थियों को डिजाइनिंग की मूल बातें बताई। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता ऋषि जैन ने कहा कि कला एक ऐसी पद्धति है, जो प्रकृति के सकारात्मक पहलू को देखने में मदद करती है। श्री जैन ने विद्यार्थियों को अंग्रेजी के अक्षरों एवं गिनती के माध्यम से कला को डिजाइन तैयार करने के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही प्रायोगिक तौर पर अक्षरों के माध्यम से अलग-अलग आकृति बनाने की विधि समझाई। उन्होंने विद्यार्थियों को ड्राइंग कला के बेसिक को बताया और कम समय में बेहतर ड्राइंग तैयार करने की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों पर कुछ डिजाइन भी तैयार किये। कार्यक्रम का संचालन तरुण त्रिपाठी एवं आभार विभाग के समन्वयक श्री रवि साहू ने किया। इस अवसर पर कंप्यूटर, पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे।

# गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए उपयोगी है रोटावेटर

**रीवा।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। खेती के आधुनिकीकरण के साथ इसका तेजी से यंत्रीकरण हो रहा है। अब खेतों की जुताई लगभग शत-प्रतिशत ट्रैक्टरों के माध्यम से होती है। ट्रैक्टर से संचालित कई कृषि उपकरण किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ट्रैक्टर के माध्यम से चलने वाला रोटावेटर और रोटरी टिलर्स खेतों की गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए बहुत उपयोगी है। रोटावेटर से किसान अपनी सुविधा और उपयोगिता के अनुसार जुताई की गहराई का निर्धारण कर सकते हैं। इसके उपयोग से नरवाई तथा अन्य खरपतवार छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटकर मिट्टी में मिल जाते हैं। बारिश के बाद इनसे मिट्टी के लिए बहुत उपयोगी हरी खाद तैयार होती है जिससे मिट्टी की उर्वरता और जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है। धान की रोपाई के लिए खेत को समतल करने और पडलिंग के लिए भी रोटावेटर का उपयोग किया जा सकता है। रोटावेटर का उपयोग 35 हार्सपावर से 55 हार्सपावर तक के ट्रैक्टर में सबसे कारगर होता है। रोटावेटर से सामान्य रूप में तीन घण्टे में एक हेक्टेयर के खेत में जुताई का कार्य हो जाता है। बाजार में रोटावेटर के कई माडल उपलब्ध हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार इनका उपयोग कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा रोटावेटर के लिए अनुदान की भी सुविधा उपलब्ध है।

# मीडिएशन से प्रकरणों के निराकरण से समाज में बढ़ती है समरसता : प्रधान न्यायाधीश

## प्रधान न्यायाधीश ने किया मीडिएशन शिविर का शुभारंभ

रीवा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान ने ईको पार्क रिसॉर्ट में आयोजित पाँच दिवसीय मीडिएशन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मीडिएशन के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण होने पर न्यायालय में लंबित मुकदमों की संख्या घटती है। आपसी सहमति और सुलह से प्रकरणों का निराकरण होने से



समाज में समरसता बढ़ती है। समाज में भविष्य में होने वाले संघर्ष की आशंका भी दूर होती है। जिला रजिस्ट्रार श्री पन्ना नागेश ने भी मीडिएशन के समंध में अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र ने मीडिएशन के महत्व और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मीडिएशन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। इसमें पाँच दिवसों में कुल 40 घण्टे का प्रशिक्षण न्यायाधीशों एवं न्यायिक अधिकारियों को दिया जा रहा है। नई दिल्ली से प्रशिक्षित मीडिएशन मास्टर ट्रेनर श्री नीरज उपाध्याय एवं श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव, सीनियर ट्रेनर्स एमसीपीसी उत्तरप्रदेश द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का समापन 23 मई को होगा। समारोह में न्यायाधीशगण लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के चीफ श्री सुरेन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ श्री मंजूर अहमद मंसूरी, श्री आनंद पाण्डेय, श्रीमती आरती तिवारी उपस्थित रहीं। समारोह का संचालन अनीश पाण्डेय ने किया।

# वैध दस्तावेज दिखाकर वाहन मालिक ले जा सकते हैं अपने वाहन

**रीवा।** थाना बिछिया में 2015 से अब तक 40 लावारिस वाहन थाना परिसर में रखे हुए हैं। इनमें 38 दो पहिया वाहन तथा दो चार पहिया वाहन शामिल हैं। सभी वाहन रात्रिकालीन गश्त और चेकिंग के दौरान लावारिस रूप में पकड़े गए हैं। थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने इस संबंध में बताया है कि अज्ञात वाहनों को उनके मालिकों को सौंपने की कार्यवाही की जा रही है। सूची में शामिल वाहनों के मालिक वैध दस्तावेज दिखाकर थाना परिसर से वाहन प्राप्त कर सकते हैं। दस्तावेज सत्यापन के बाद वाहन जिस स्थिति में उसी स्थिति में वाहन मालिक को सौंपे जाएंगे। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना परिसर में मोटरसायकिल एमपी 09 क्यूबी 8372 हीरो एचएफ डान, बजाज डिस्कवर, टीव्हीएस स्टार नीलें रंग की, सुजुकी हीट काले रंग की, डीएल 4 बीटी 4311 डिस्कवर 50 सीसी, एमपी 19 एमई 8717 हीरो होंडा, होण्डा साईन, एमपी 17 एमपी 0951 हीरो एचएफ डीलक्स, एमपी 19 एमव्ही 3815 हीरो एचएफ डीलक्स, एमपी 17 एमएफ 9279 टीव्हीएस स्टार, एमपी 17 एमई 9466 हीरो होण्डा, आरएक्स 100 यमहा कंडम, एमपी 17 एस 3084 सुजुकी एक्सिस, होण्डा साईन स्लेटी रंग की, हीरो होण्डा सीडी डीलक्स, एमपी 17 एसबी 6826 एक्टिवा स्लेटी, एमपी 17 एम 0342 बजाज डिस्कवर, एक गाड़ी बिना नं. की, हीरो स्पलैन्डर काले नीले रंग की, एमएच 14 सी वाई 3741 हीरो काला नीला रंग, एमपी 17 एचडी 5276 टीव्हीएस विक्टर, यूपी 16 डी 7455 पल्सर 150, हीरो होण्डा काला नीला रंग बिना नंबर की., एमपी 17 एचबी 8016 सुचकी मैक्स आर. 100, एमपी17 एनबी 9392 स्पलेन्डर प्लस, एमपी 17 एचडी 5582 हीरो होण्डा सीडी डान, हीरो होण्डा साइन लाल काला, हीरो एचएफ डीलक्स काला लाल, एमपी 17 एमजे 0155 पल्सर नीले रंग की, एमपी 17 एचजी 5398 हीरो होण्डा, एमपी 17 एमडी 7835 डिस्कवर, बजाज डिस्कवर 110 टी नीला काला, एमपी 17 एमएन 5884 हीरो स्पलेन्डर, एनपी 07 एमएक्स 7838 टीव्हीएस अपाचे, हीरो होण्डा नीला काला, टीव्हीएस स्पोर्ट सफेद रंग, आई स्मार्ट गाड़ी हरे रंग की क्षतिग्रस्त, एमपी 20 एमडी 3898 टीव्हीएस स्टार, सफेद चार पहिया कार एमपी 17 2882, चार पहिया वाहन ओमनी कार बिना नंबर की थाने में मौजूद हैं जिन्हें वाहन मालिक वैध दस्तावेज दिखाकर प्राप्त कर सकते हैं।

# श्रमोदय आदर्श आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन 31 मई तक

**रीवा।** श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आवेदक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डीएसडी डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर 31 मई तक पंजीयन कर सकते हैं। इस संबंध में श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट के लिये दो वर्षीय पाठ्क्रम तथा फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन आयओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किये जा सकते हैं। वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है जबकि शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आईटीआई में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाहय में निश्शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

# कमिश्नर वीडियो कान्फ्रेंसिंग से 21 मई को करेंगे समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद 21 मई को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से शाम 4 बजे आरंभ होगी। बैठक में गेंहू उपार्जन, खाद्य सुरक्षा योजना तथा संबल पोर्टल की ई केवाईसी अपडेशन, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, ई ऑफिस व्यवस्था, जल गंगा संवर्धन अभियान तथा संवाद से समाधान अभियान की समीक्षा की जाएगी। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण की भी समीक्षा की जाएगी। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अन्य अधिकारी बैठक में शामिल होंगे।

# पात्र हितग्राहियों के ईकेवायसी से शेष अपात्र सदस्यों का पोर्टल से विलोपन की कार्यवाही करें : कलेक्टर

**रीवा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों से खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को हर माह निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न दिया जा रहा है। शासन द्वारा एक जून से स्मार्ट खाद्यान्न वितरण व्यवस्था लागू की जा रही है। इस व्यवस्था का लाभ लेने के लिए प्रत्येक राशन कार्ड में दर्ज हितग्राही का ई केवाईसी होना अनिवार्य है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी राशन कार्डधारियों से अपील करते हुए कहा है कि इस माह का खाद्यान्न लेने के लिए उचित मूल्य दुकान जाने पर सभी सदस्यों का ई केवाईसी करा लें। ई केवाईसी न कराने पर यह माना जाएगा कि राशन कार्ड में दर्ज सदस्य वर्तमान में दर्ज पते पर नहीं रह रहा है। इसे स्थाई पलायन मानते हुए उसका नाम राशन कार्ड से पृथक किया जाएगा। ई केवाईसी न कराने पर 31 मई के बाद खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए ई केवाईसी तत्काल करा लें। इसके लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन से संपर्क करके पीओएस मशीन के माध्यम से पूरी जानकारी एम राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज करें।

# ई केवाईसी कराने पर ही मिलेगा जून माह से खाद्यान्न : कलेक्टर

**रीवा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों से खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को हर माह निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न दिया जा रहा है। शासन द्वारा एक जून से स्मार्ट खाद्यान्न वितरण व्यवस्था लागू की जा रही है। इस व्यवस्था का लाभ लेने के लिए प्रत्येक राशन कार्ड में दर्ज हितग्राही का ई केवाईसी होना अनिवार्य है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी राशन कार्डधारियों से अपील करते हुए कहा है कि इस माह का खाद्यान्न लेने के लिए उचित मूल्य दुकान जाने पर सभी सदस्यों का ई केवाईसी करा लें। ई केवाईसी न कराने पर यह माना जाएगा कि राशन कार्ड में दर्ज सदस्य वर्तमान में दर्ज पते पर नहीं रह रहा है। इसे स्थाई पलायन मानते हुए उसका नाम राशन कार्ड से पृथक किया जाएगा। ई केवाईसी न कराने पर 31 मई के बाद खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए ई केवाईसी तत्काल करा लें। इसके लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन से संपर्क करके पीओएस मशीन के माध्यम से पूरी जानकारी एम राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज करें।

# जिले में 1010855 हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ अपडेट

**रीवा।** खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित परिवारों के 12 लाख 48 हजार 209 सदस्य राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज हैं। इन सभी सदस्यों का ई केवाईसी दर्ज कराने तथा मृतक एवं स्थाई रूप से पलायन कर गए व्यक्तियों के नाम पृथक करने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसके लिए शासन द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 15 मई को बढ़ाकर 31 मई कर दिया गया है। ई केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी भी ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। एप के माध्यम से हितग्राही को स्वयं ई केवाईसी दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई है। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर तथा मोबाइल ऐप में भी ई केवाईसी अपडेशन की सुविधा उपलब्ध है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि अब तक जिले में 10 लाख 10 हजार 855 हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है। यह कुल हितग्राहियों का 81 प्रतिशत है। जिसमें जनपद पंचायत गंगेव में 130537, जवा में 123328, रायपुर कर्चुलियान में 162384, रीवा में 162556, सिरमौर में 174695, त्योंथर में 119071 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है। नगरीय निकायों में नगर निगम रीवा में 66336, नगर परिषद डभौरा में 13325, बैकुण्ठपुर में 6016, चाकघाट में 5839, गोविंदगढ़ में 7092, गुढ़ में 8792, मनगवां में 7159, सेमरिया में 8647, नगर परिषद सिरमौर में 5717 तथा नगर परिषद त्योंथर में 9361 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है।

# समाधान ऑनलाइन के आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करें : डॉ सोनवड़े

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में डॉ सोनवड़े ने कहा कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही करें। गत तीन माह में फोर्स क्लोज किए गए प्रकरणों एवं मांग के आधार पर बंद किए गए प्रकरणों की भी पुनः समीक्षा कर लें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित प्रकरणों में स्वास्थ्य विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग की प्रगति संतोषजनक नहीं है। अधिकारी आवेदनों का स्वयं अध्ययन कर उनमें तथ्यपूर्ण जवाब दर्ज कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रम विभाग की योजनाओं तथा योजना विभाग के बिन्दुओं पर लंबित आवेदनों पर दो दिवस में कार्यवाही सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग, वन विभाग तथा पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्य कल्याण विभाग एवं जल संसाधन विभाग डी श्रेणी में हैं। आवेदनों का सन्तुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग में सुधार करें।

डॉ सोनवड़े ने कहा कि विद्युत मण्डल में भी बड़ी संख्या में आवेदन लंबित हैं तथा विभाग की रैंकिंग में ऊर्जा विभाग 52वें स्थान पर है। बिजली बिलों में सुधार के आवेदन आज ही निराकृत कराकर रैंकिंग में सुधार



करें। कई बार निर्देश देने के बावजूद अभी भी सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें एल-1 अधिकारी द्वारा बिना किसी कार्यवाही के एल-2 अधिकारी के पास भेजी जा रही हैं। आवेदनों में समय सीमा में कार्यवाही न करने वाले एल-1 अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। सभी एसडीएम नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े भू अधिकार पत्र तथा जमीन आवंटन संबंधी आवेदन दो दिवस में निराकृत करा दें। जमीन संबंधी कार्यवाही न होने के कारण आवास योजना का डीपीआर तैयार नहीं हो पा रहा है।

बैठक में आयुक्त नगर निगम ने कहा कि विशेष अभियान के दौरान संबल पोर्टल पर दो लाख 25 हजार से अधिक हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेशन किया गया है। ई केवाईसी की प्रगति संतोषजनक नहीं है। प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर समग्र पोर्टल में ई केवाईसी दर्ज कराएं। साथ ही डुप्लीकेट आईडी को हटाने की भी कार्यवाही तत्परता से करें। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन 81 प्रतिशत हो गई है। शासन द्वारा अपडेशन की तिथि 31 मई तक बढ़ा दी गई है। शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी सात दिवस में अपडेट करा दें। जिला आपूर्ति अधिकारी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा नगर निगम को शेष बचे हितग्राहियों की दुकानवार सूची उपलब्ध करा दें। समय सीमा समाप्त होने के बाद ई केवाईसी सत्यापन न होने पर हितग्राही को खाद्यान्न योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इसमें भी अपात्र मृतक और स्थाई रूप से पलायन कर गए हितग्राहियों के नाम तत्काल काटें। सीएम डैशबोर्ड में शामिल बिन्दुओं पर भी तत्परता से कार्यवाही कर ऑनलाइन प्रतिवेदन पोर्टल पर दर्ज कराएं।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833